राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष: 46 अंक 198
जौनपुर, गुरुवार
02 मई 2024
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
39°C | 23°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

## धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की जिद में महिला ने काटी हाथ की नस

**इंदौर, 01 मई।** इंदौर के बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की जिद में एक महिला ने खौफनाक कदम उठा लिया। महिला को जब धीरेंद्र शास्त्री से मिलने न दिया गया तो उसने अपनी हाथ की नस काट ली। आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाया गया और अस्पताल ले जाया गया। पिछले कुछ दिनों से कनकेश्वर धाम में धीरेंद्र शास्त्री की कथा चल रही है। मंगलवार को सीमा नामक एक महिला कथा सुनने पहुंची थी। कथा समाप्त होने पर वो धीरेंद्र शास्त्री से मिलने की जिद करने लगी। महिला को सिक्योरिटी और दूसरे लोगों ने धीरेंद्र शास्त्री से मिलने से रोक दिया, जिसके बाद महिला ने हाथ की नस काट ली और वो बेसुध हो गई। इसके बाद कनकेश्वर संस्था की एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया।




# सैनिकों के फैमिली पेंशन में न हो कटौती

## सुप्रीम कोर्ट ने पीआईएल पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 01 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका (PIL) पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें एक मृत पूर्व सैनिक की फैमिली पेंशन में कटौती पर सवाल उठाया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ शुरू में इस जनहित याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं थी। पीठ इसे नीतिगत मामले के तौर पर देख रही थी। इसके बावजूद, वरिष्ठ वकील निधेश गुप्ता ने अपनी दलीलों से पीठ को केंद्र सरकार से जवाब मांगने के लिए मना लिया।

अपनी दलील में वकील ने कहा कि जब एक रिटायर सैनिक की कम उम्र में मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार के पालन-पोषण का पूरा बोझ उसकी विधवा पर आ जाता है। उसकी आय का एकमात्र संसाधन पारिवारिक पेंशन होता है। वकील ने आगे कहा कि एक रिटायर सैनिक को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन मिलती है। रिटायरमेंट के बाद वह दूसरी नौकरी करके पेंशन राशि की पूर्ति करता है।

जब किसी पूर्व सैनिक की कम उम्र में मृत्यु हो जाती है, तो उसका परिवार उस वेतन को भी खो देता है जो वह दूसरी नौकरी करके हासिल कर रहा होता है। रक्षा कर्मियों को अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर सेवा पेंशन दी जाती है। व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में विधवा या आश्रित बच्चों को अंतिम वेतन के 30 प्रतिशत के बराबर साधारण पारिवारिक पेंशन दी जाती है।



किसी सैनिक की मृत्यु के बाद विधवा या आश्रित को पारिवारिक पेंशन दी जाती है ताकि वह मृत सैनिक के परिवार के उन सभी सदस्यों का भरण-पोषण कर सके जो उसके जीवनकाल के दौरान उस पर निर्भर थे। हालांकि, पेंशन में इतनी भारी कटौती से बचे लोगों के लिए जीवनयापन की बढ़ती लागत को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाता है। याचिका में कहा गया है, 'यह रिट याचिका सरकार की मनमानी और अन्यायपूर्ण पेंशन नीति के खिलाफ निर्देशित है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21 के तहत मृत सेवा कर्मियों की विधवाओं और आश्रित बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करती है।'


## भाजपा में शामिल हुईं 'अनुपमा' फेम रुपाली गांगुली

**नई दिल्ली, 01 मई।** 'अनुपमा' से लोगों के दिलों में जगह बनाने के बाद, अब टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली अपनी नई पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। उन्होंने राजनीति में कदम रखने का फैसला लिया। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने विनोद तावड़े और अनिल बलूनी के साथ की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। हालांकि उन्होंने अभी तक ये स्पष्ट नहीं किया है कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगी या नहीं। रुपाली ने आगे कहा, 'मैं यहां आकर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। भाजपा बहुत अच्छा काम कर रही है और इसलिए मैं भाजपा में शामिल हुई हूं। मैं पार्टी की बहुत आभारी हूं।' भाजपा में शामिल होने के बाद रुपाली ने मीडिया से बातचीत की और इस दौरान उन्होंने अपने इस फैसले के पीछे का कारण बताया। रुपाली गांगुली ने कहा, 'महाकाल और माता रानी का आशीर्वाद है कि मैं अपनी कला के माध्यम से कई लोगों से मिलती रहती हूं और जब मैं ये विकास का 'महायज्ञ' देखती हूं तो मुझे लगता है कि क्यों न मैं भी इसमें भाग लूं...तो मैं यहां आ गई ताकि मैं किसी तरह मोदी जी के बताए रास्ते पर चलूं और किसी तरह देश सेवा में लगूंज्तो मुझे आप सबका आशीर्वाद चाहिए और साथ चाहिए ताकि मैं जो भी करूं, सही करूं और अच्छा कर सकूं।'




## स्कूटी बचाने के चक्कर में पलटी इनोवा, तीन महिलाओं की मौत

### पीलीभीत में हुए हादसे में सात लोग घायल



**पीलीभीत, 01 मई।** जिले में पूरनपुर-धनाराघाट मार्ग पर हरीपुर जंगल में राहुलनगर शादी में जा रही इनोवा कार स्कूटी सवार को बचाने चक्कर में पलट कर पेड़ से टकरा गई। हादसे में इनोवा सवार तीन महिलाओं की मौके पर मृत्यु हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बरात सितारगंज के शक्ति फार्म से पूरनपुर क्षेत्र के गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती जा रही थी। इनोवा कार में दूल्हा पक्ष की महिलाएं व अन्य रिश्तेदार सवार थे। कार में 10 लोग सवार थे। हादसे में महिला रेनूका, कंचन और विशाखा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कार सवार गोविंद और निहाल सहित कई अन्य घायल हो गए। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर पीलीभीत रेफर कर दिया। घटना के बाद शादी की खुशियां गमगीन माहौल में बदल गई। आधी रात को दूल्हा को गांव ले जाकर शादी की रस्में पूरी कराकर रात में ही विदा कर दिया गया। जानकारी पर देर रात उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, सीओ प्रतीक कुमार अस्पताल पहुंचे। दुर्घटना के बारे में जानकारी की। हादसे से बारात की खुशियां मातम में बदल गई। इंस्पेक्टर कोतवाली संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## कोविशील्ड लेने वाले 10 लाख में से सिर्फ 7 को हो सकता है साइडइफेक्ट

**नई दिल्ली, 01 मई।** भारत में कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर फैले डर के बीच आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक ने राहत देने वाली जानकारी दी है। उनका कहना है कि कोरोना के कोविशील्ड टीके को लेकर किसी भी तरह से डरने की जरूरत नहीं है। इससे साइडइफेक्ट दुर्लभ से दुर्लभ मामलों में ही होता है। यही नहीं उन्होंने इसका डेटा ही समझाते हुए कहा कि वैक्सीन लेने वाले 10 लाख लोगों में से कोई 7 या 8 लोगों के साथ हार्ट अटैक या ब्लड क्लॉटिंग यानी खून के थक्के जमने का रिस्क हो सकता है। इस साइडइफेक्ट को थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (TTS) कहा जा रहा है। ICMR के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेडकर ने कहा कि वैक्सीन से किसी भी तरह का रिस्क नहीं है। यह अपवाद और दुर्लभ से दुर्लभ केसों में ही होता है। उन्होंने कहा कि जब आप पहली डोज लेते हैं तो सबसे ज्यादा रिस्क होता है। दूसरी डोज लेने पर यह कम हो जाता है और फिर तीसरी में तो एकदम होता है। यदि साइडइफेक्ट होना ही होता है तो शुरुआती दो से तीन महीनों में असर दिख जाता है। उनका कहना था कि वैक्सीन लेने के सालों बाद अब इसे लेकर डरने की जरूरत नहीं है। दरअसल यह पूरा मामला ब्रिटेन की एक अदालत में चले केस से शुरू हुआ है, जहां कुछ मृतकों के परिजनों ने दावा किया था कि वैक्सीन लेने के बाद ही उनकी मौत हुई।









## 'इस बार ये लोग नहीं हटेंगे तो संविधान बदलेंगे'

### जसवंतनगर में अखिलेश का बीजेपी पर हमला

**नई दिल्ली, 01 मई।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जसवंतनगर



में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा, 'ये जसवंतनगर है, और तारीख 1 मई है, ये समझ लो बीजेपी गई इसका पता नहीं लगेगा इसके बाद और फिर जब चाचा ने इलाज करने का ठान ही लिया तो सोचो कैसे इलाज होगा इनका।'

अखिलेश ने कहा कि ये (बीजेपी) वो लोग हैं जिन्होंने सब कुछ उल्टा-पुल्टा कर दिया है इस बार ये लोग नहीं हटेंगे तो संविधान बदलेंगे। बीजेपी ने एक दिन फैसला ले लिया और नोटबंदी कर दी, क्या किसी पत्रकार को पता था और जनता को पता था? फौज की नौकरी 4 साल की कर दी क्या किसी को पता था?

अखिलेश ने कहा कि अगर विभाग प्राइवेट हो जाएगा तो क्या आरक्षण लागू होगा? ये हवाई जहाज वाला विभाग प्राइवेट कर दिया इसी तरह और भी विभाग हैं। अगर आरक्षण नहीं खत्म करना चाहते हैं तो प्राइवेट के रास्ते पर क्यों जा रहे हैं?

**'बीजेपी के लोगों पर भरोसा नहीं किया जा सकता':** अखिलेश बोले, 'भारतीय जनता पार्टी के लोगों पर बिल्कुल भरोसा नहीं किया जा सकता, अब तो इनकी और पोल खुल गई। कई ऐसी कंपनियां हैं जिनके पास टर्न ओवर नहीं हैं उन कंपनियों से हजारों करोड़ चंदा लिया है। ये महंगाई चंदे की वजह से बढ़ी है।'

## दिल्ली-नोएडा के कई स्कूलों में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, 01 मई।** बुधवार सुबह दिल्ली-एनसीआर के 60 से ज्यादा स्कूलों में बम रखे होने के संबंध ईमेल मिला। एक ही समय पर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने बताया कि अब तक स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 60 से ज्यादा कॉल मिली हैं। इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने कहा कि स्कूलों से अब तक कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है, अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। धमकी मिलने वाले स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा कई स्कूलों को धमकी भरा ईमेल नहीं मिलने के बावजूद एहतियात के तौर पर बच्चों को घर भेजा जा रहा है। इसके बाद स्कूलों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे बम स्क्वॉड के साथ ही फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने स्कूल खाली कराए। दिल्ली के साथ ही एनसीआर के नोएडा में भी स्कूल में बम रखा होने से संबंधित ईमेल आया। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉक्टर जाय टिर्की ने कहा कि जिले में अभी किसी स्कूल से धमकी भरे ईमेल के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।






# कम मतदान वाले बूथों पर चुनावी पाठशाला व मतदाता जागरूकता रैली का होगा आयोजन

तरुणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में गत लोक सभा चुनाव में निर्वाचन में 40प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित करते हुए विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं, जनपद के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित करते हुए उस पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की है, कम प्रतिशत मतदान वाले बूथों के नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वह इन बूथों पर मतदाता जागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाकर जन-जन को मतदान करने हेतु जागरूक किया जाये और आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन व विधान सभा उप निर्वाचन दुद्धी में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की जाये, इसके अन्तर्गत शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाये, गत लोक सभा चुनाव वर्ष 2019 में 40 प्रतिशत से कम टर्नआउट वाले बूथों में चुनावी पाठशाला चुनावी चौपाल मतदाता जागरूकता रैली, चित्रकला, भाषण निबंध, स्लोगन, रंगोली आदि कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाये। गत लोक सभा चुनाव में कम टर्नआउट वाले बूथों में निम्नवत् नोडल अधिकारी नामित करते हुए, निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित बूथों पर कम मतदान होने का कारण का पता लगाकर परीक्षण करते हुए और कारण का निदान करते हुए आगामी लोक सभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अर्न्तविभागीय समन्वय कर आशा, आंगनवाड़ी, छात्रों, शिक्षकों, ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवग्राम पंचायत अधिकारी सफाई कर्मचारियों, बी0एल0ओ0, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाये।

स्वीप अभियान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित गतिविधियों हेतु नोडल अधिकारी के रूप में जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी चोपन, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनपरा, खण्ड विकास अधिकारी म्योरपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पिपरी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रेनुकूट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिपरी, सोनभद्र को नोडल अधिकारी को इस अभियान हेतु नामित किया गया है, इस जागरूकता अभियान हेतु 184 बूथों को चिन्हित किया गया है, इस दौरान उप श्रमायुक्त पिपरी द्वारा इस जागरूकता अभियान के दौरान औद्योगिक अधिष्ठनों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विशेष रूप से औद्योगिक प्रतिष्ठानों के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया जाये।

# छात्राओं को एनीमिया मुक्त के बारे में दी जानकारी



**भदोही।** एनिमिया मुक्त भारत बनाने के क्रम में जिलाधिकारी विशाल सिंह की उपस्थिति में कमला अंकीबाई घमण्डीराम गोवानी ट्रस्ट मुम्बई एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार चक की टीम द्वारा ब्लाक भदोही के कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय हरिचन्दनपुर में 95 कस्तुरबा विद्यालय, कस्तुरबा विद्यालय औराई में 93, कस्तुरबा विद्यालय गोपीगंज 89, कस्तुरबा विद्यालय वहिदा डीघ में 95, बालिकाओं के हीमोग्लोबिन की जाँच की गयी तथा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत सभी को आयरन फोलिक एसिड के टैबलेस्ट तथा एलबेन्डाजोल के टैबलेट दिये गये। कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय औराई में उपस्थित होकर जिलाधिकारी ने बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें एनीमिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सभी के सम्मलित प्रयासों से एनीमिया मुक्त भारत अभियान सफल होगा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में निशुल्क एनीमिया शिविर लगाकर जाँच व दवाएं वितरण कर भारत को एनीमिया से मुक्त बनाया जाय। अभियान के नेतृत्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ओ0पी0 शुक्ला तथा विकास खण्डों के आरबीएसके टीम द्वारा की गयी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सफलता के साथ संचालन व साकार बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह द्वारा सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम जाँच आदि टैबलेट वितरण की कार्यवाही को सुनिश्चित कर रही है।

# एनसीएल परिवार ने खनिक अभिनंदन दिवस पर श्रमवीरों को किया नमन

तरुणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में खनिक अभिनंदन दिवस-2024 के अवसर पर सुबह में मुख्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकीध्संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्याम धर दूबे, अशोक पाण्डेय, महासचिव, सीएमओएआई, सर्वेश सिंह, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले खनिकों को नमन किया।




सीएमडी एनसीएल श्री साईराम ने अपने उद्बोधन की शुरुआत में वृहद एनसीएल परिवार को श्रमिक अभिनंदन दिवस की बधाई दी। उन्होंने श्रम को मानव सभ्यता एवं विकास की कुंजी के रूप में परिभाषित किया। औद्योगिक क्रांतियों के उपरांत उद्योगों में सृजित हुए नए अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विगत चार दशकों के कालखंड को आविष्कार का कालखंड बताया। विगत वर्ष में देश की ओर से कोयला उत्पादन, प्रेषण व ओवरबर्डेन में मिले लक्ष्यों को हासिल करने पर उन्होंने टीम एनसीएल को बधाई दी। साथ ही वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी हितग्राहियों से सहयोग हेतु आह्वान किया। वर्तमान में कोयला उद्योग के सतत स्थायित्व के आलोक में किए जा रहे कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कोयला उद्योग के भविष्य को उज्जवल बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आयातित कोयले पर देश की निर्भरता को कम करते हुए विदेशी मुद्रा भंडार की बचत करना कोयला उद्योग से जुड़े एकदृएक व्यक्ति का पवित्र कर्तव्य है। सीएमडी एनसीएल ने बिजली क्षेत्र व गैर नियामक क्षेत्र को निरंतर बिजली आपूर्ति हेतु एनसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने यह विश्वास जताया कि आने वाले दो वर्षों में 95: से अधिक उत्पादित कोयले का प्रेषण एनसीएल एफएमसी परियोजनाओं से करना शुरू कर देगी।

एनसीएल की विविधीकरण प्रयासों की सराहना करते हुए निगाही में स्थित 50 मेगावाट सोलर प्लांट के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए एनसीएल की नेट जीरो कंपनी बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की गहन चेंकिग सुनिश्चित करें निगरानी टीम : प्रेक्षक

**भदोही।** व्यय प्रेक्षक शशिभूषण (पश्चिम बंगाल भारतीय राजस्व सेवा), 78-भदोही लोकसभा द्वारा विधान सभा ज्ञानपुर, भदोही, औराई, प्रयागराज जनपद के प्रतापपुर एवं हण्डिया से सम्बन्धित उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियों सर्विसलांस टीम, वीडियों अवलोकन टीम एवं एम.सी.एम.सी. टीम प्रभारियों के साथ राजस्व अतिथि गृह ज्ञानपुर में बैठक आहूत की गयी। बैठक में उड़नदस्ता टीमों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों तथा सम्बद्ध शिकायतों के सभी मामलों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। स्थैतिक निगरानी टीम को निर्धारित चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की गहन चेंकिग का निर्देश दिया गया। वीडियों सर्विलांस टीम के लिए निर्देश दिया गया कि वह वाहनों/ घटनाओं/ पोस्टरों/कट-आउट आदि का इस तरह से वीडियों लें कि प्रत्येक वाहन, उसका प्रकार और रजिस्ट्रेशन संख्या, फर्नीचर वस्तुएँ, रोस्ट्रम का आकार, बैनर, कट आउट इत्यादि के साक्ष्य स्पष्ट दिखाई दें। जिसमें उस पर हुए व्यय की गणना की जा सके। साथ ही स्टार प्रचारक/प्रत्याशी के भाषणों की भी आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत रिकार्डिंग किये जाने का निर्देश दिया गया। वीडियों अवलोकन टीम को निर्देश दिया गया कि अपनी रिपोर्ट प्रत्येक दिन सायं 5बजे तक लेखा टीम को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी ब्रिजेश सिंह, लाईजनिंग आफिसर, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, व उपर्युक्त तीनो अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विंध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान 24 के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल ने हाल ही में बालिका सशक्तिकरण अभियान के लिए एक उत्कृष्ट दो.दिन की मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। यह कैंपए विंध्याचल के मैत्री सभागर में 29 अप्रैल से 30 अप्रैलए 2024 तक आयोजित किया गया और 18 विभिन्न गाँवों से 119 बालिका छात्राओं की भागीदारी ली। इस स्क्रीनिंग कैंप का मुख्य उद्देश्य इन बालिकाओं के स्वास्थ्य और कल्याण का मूल्यांकन करना थाए जो आगामी 4 सप्ताहीय प्रोग्राम में प्रवेश के पूर्व किया गया। यह प्रोग्राम 19 मईए 2024 से शुरू होकर 15 जूनए तक चलेगा और इन लड़कियों को मौलिक शिक्षाए स्वास्थ्य जागरूकताए और स्वायत्त रक्षा कौशलों से सशक्त करने का उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ;सीएमओद्ध डॉण् भीमेश चंद्र चतुर्वेदी के अभिन्न मार्गदर्शन मेंए एक समर्पित डॉक्टरों की टीम ने सभी सहभागियों के लिए सम्पूर्ण चिकित्सा जाँच की। यह मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप न केवल तत्काल स्वास्थ्य सम्बंधित मुद्दों का समाधान कियाए बल्कि आगामी 2024 प्रोग्राम के लिए एक मजबूत आधार रखा। एनटीपीसी विंध्याचल ने उन इनिशिएटिव्स का समर्थन जारी रखा हैए जो लड़कियों को सशक्त करते हैं और उन्हें समर्थ और समावेशी भविष्य के लिए साधना करते हैं।

# नवगीतकार शुभम श्रीवास्तव ओम का निधन

**मीरजापुर।** जनपद के प्रसिद्द नवगीतकार शुभम श्रीवास्तव ओम का एक मई को सुबह वाराणसी के अपेक्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह बीमार थे और 29 अप्रैल को अपेक्स में भर्ती हुए थे। उनका अंतिम संस्कार जनपद के चौबेघाट स्थित गंगातट पर किया गया। 30 वर्ष की अपनी छोटी सी उम्र में ही शुभम ने नवगीत विधा में विशेष कार्य कर सभी को प्रभावित किया था। उनकी नवगीत की तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, गीत लड़ेंगे अंधियारों से, शोक गीतों के समय में, फिर उठेगा शोर एक दिन। कई महत्वपूर्ण नवगीत की पुस्तकों का शुभम ने संपादन किया है जिसमें हम असहमत हैं समय से, मैं चंदन हूं, हर सन्नाटा बोलेगा, शब्दों की शक्लों में, जो सूरज हमने ढूंढा है जैसी चर्चित नवगीत की पुस्तकें शामिल हैं। वह मिर्ज़ापुर में राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी नवगीत की पुस्तक को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा हरिबंश राय बच्चन युवा गीतकार पुरस्कार-2017 से सम्मानित किया जा चुका है। उनको उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान का फिराक गोरखपुरी पुरस्कार-2019% और हिंदुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज द्वारा हिंदुस्तानी एकेडमी युवा सम्मान -2020 प्राप्त हो चुका है। शुभम श्रीवास्तव की रचनाएं देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर छपती रही हैं। शुभम श्रीवास्तव ओम के निधन पर साहित्यकारों में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, डा. अनुज प्रताप सिंह, गणेश गम्भीर, लल्लू तिवारी, प्रमोद कुमार सुमन, जफर मिर्जापुरी, डा. रमाशंकर शुक्ल, भोलानाथ कुशवाहा, आनन्द केसरी, अरविंद अवस्थी, आनन्द अमित, केदार नाथ सविता, डा. वंदना मिश्रा, डा. सुधा सिंह, इला जायसवाल, नन्दिनी वर्मा, सारिका चौरसिया, पूजा यादव, इम्तियाज अहमद गुमनाम, श्याम अचल, डा. अनुराधा ओस, लाल व्रत सिंह सुगम,खुर्शीद भारती, मुहिब मिर्जापुरी, अनिल यादव आदि प्रमुख हैं।

# इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व वीवी पैट का प्रथम रैण्डमाइजेशन सम्पन्न

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुद्धवार को एन0आई0सी0 कक्ष में लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 एवं विधान सभा उप निर्वाचन, दुद्धी के निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन तथा वी0वी0 पैट का प्रथम रैण्डमाइजेशन किये, विधान सभावार वी0वी0 पैट एवं सी0यू0 व वी0यू0 का रैण्डमाइजेशन किया गया, विधानसभा दुद्धी में 490 वी0वी0 पैट एवं 454 वी0यू0, सी0यू0, विधान सभा ओबरा में 440 वी0वी0 पैट व 408 वी0यू0, सी0यू0, विधान सभा राबर्ट्सगंज में 529 वी0वी0 पैट व 490 वी0यू0, सी0यू0, विधान सभा घोरावल में 598 वी0वी0 पैट व 554 वी0यू0, सी0यू0 का प्रथम रैण्डमाइजेशन एन0आई0सी0 कक्ष में किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 02 मई ,2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वोयर हाउस गोदाम में उपस्थित होकर रैण्डमाइजेशन के उपरान्त विधानसभा वार मशीनों के पृथ्थकरण प्रक्रिया में भी प्रतिभाग करने की अपील की गयी है। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप



जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा अजय सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, संतोष शुक्ला भाजपा, राजीव कुमार त्रिपाठी भा0रा0 कांग्रेस, अनिल प्रधान समाजवादी पार्टी, बी0 सागर बसपा, रामआसरे आ0आ0पा0, नन्दलाल आर्या सी0पी0आई0एम0, बीरेन्द्र कुमार अपना दल यस सहित सम्बन्धित अधिकारी व प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# आपके घर पहुंचने वाला गैस सिलिंडर करेगा मतदान के लिए प्रेरित

**भदोही।** भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के मंशानुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के मार्गदर्शन व निर्देशन में नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न स्कूल,कालेजों, कार्यालयों, संस्थाओं द्वारा स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम प्रतिदिन संचालित किये जा रहे है। नोडल अधिकारी स्वीप ने बताया कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम अर्थात स्वीप के अन्तर्गत जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जनपदवासियों को 25 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जा रहा है।




इसी क्रम में आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी सीमा सिंह के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसीलों में गैंस सिलेंडर डिलिवर करने वाली वाहनों पर 25 मई मतदान जरूरी, पहले मतदान, फिर जलपान। छोड़ दो अपने सारे काम, पहले करो मतदान, आओ मिलकर अलख जगाये, शत-प्रतिशत मतदान कराये, कालीन है जिसकी पहचान, उसे है लोकतंत्र पर अभिमान, आदि स्लोगन युक्त बैनर, फ्लैक्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।सिलेन्डर पर "25 मई मतदान जरूरी" स्टीकर महिलओं को जागरूक करने के साथ ही साथ उनकों याद दिलायेगा कि 25 मई को परिवारजनों के साथ जाकर अपने बूथ पर वोट करना है। साथ ही महिलाएं 25 मई को वोट देने के बाद ही खाना-पिना बनाये तथा अंगुली पर नीली स्याही का निशान देखकर ही घर के पुरूष मतदाताओं को नास्ता भोजन दे।

# एनटीपीसी रिहंद से वाराणसी के लिए एसी बस सेवा का शुभारंभ

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों हेतु एनटीपीसी रिहंद से वाराणसी के लिए बुधवार को एसी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख रिहंद पंकज मेदीरत्ता नें सह अतिथियों के साथ फीता काटकर किया।यह एसी बस सेवा एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को सुविधा प्रदान करेगी। इस बस सेवा के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।यह बस सप्ताह में छह दिन मंगलवार से रविवार तक चलेगी। बस एनटीपीसी रिहंद से सुबह 7 बजे चलकर मुर्धवा मोड़ होते हुए दोपहर 1 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेगी। वापसी में वाराणसी एयरपोर्ट से 3 बजे चलकर रिहंद रात 9 बजे पहुंचेगी।



कार्यक्रम के दौरान, परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता ने कहा कि यह बस आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्तापूर्ण है। इसके माध्यम से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक परियोजना देवदत्त सिन्हा, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजय असाटी, महाप्रबंधक एडीएम एस एस प्रधान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन बृज किशोर पाण्डेय, प्रबन्धक मानव संसाधन धर्मेंद्र कुमार गिरि, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि, यात्रीगण आदि उपस्थित रहे।

# आपदाओं के पीड़ितों को तत्काल उपलब्ध कराये आपदा राहत : जिलाधिकारी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों की बैठक कर विभिन्न आपदाओं में दुघर्टनाग्रस्त पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि फसल व खलिहान में आगजनी की घटनाए गर्मी के दिनों में जहां भी हो तत्काल सम्बन्धित लेखपाल से सर्वे रिपोर्ट प्राप्त कर आपदा राहत कलेक्ट्रेट में भेजा जाए ताकि समय राहत पीड़ित परिवार को भेजा जा सकें। उन्होंने सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुये कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में लेट लतीफी व हीलाहवाली की शिकायते प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर परिवार रजिस्टर दुरूस्त कराते हुये फैमिली आईडी बनाने पर प्राथमिकता दे तथा फैमिली आईडी के आनलाइन करने की प्रक्रिया का प्रचार प्रसार कराए, ताकि लोग आनलाइन आवेदन कर सकें।




उन्होंने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में कहा कि यह सुनिश्चित करे कि आवेदनकर्ता को अनावश्यक इधर उधर भटकना न पड़ें। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के गौ आश्रय स्थलों के लिये पर्याप्त भूसा क्रय कर ले तथा भूसा दान हेतु क्षेत्र के बड़े किसानों, गणमान्य व्यक्तियों व उद्यमियों से अपील भी करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्रो पर भ्रमण कर यह देख ले कि सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करा ली गयी हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

**अदालती नोटिस**

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमन सिविल जज जूनियर डिविजन राबर्ट्सगंज, सोनभद्र मूलवाद संख्या-649 सन् 2023 शंकर बनाम आम जनता वाद पत्र द्वारा-शंकर पुत्र हुबलाल, निवासी ग्राम डिलाही, पोस्ट खैराही, परगना बड़हर, तहसील राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र।.............वादी। बनाम आम जनता।..........प्रतिवादी। (वाद का प्रकार-घोषणात्मकवाद) सर्व साधारण के लिए सूचना:- सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मृतक हीरामन पुत्र शिव,निवासी ग्राम डिलाही, पोस्ट खैराही, परगना बड़हर, तहसील राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र की मृत्यु होने पर उत्तराधिकार हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए भा0उ0अधि01925 की धारा-372 के अन्तर्गत शंकर पुत्र हुबलाल, निवासीग्राम डिलाही, पोस्ट खैराही, परगना बड़हर, तहसील राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने मेरे न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवायी मेरे न्यायालय द्वारा दिनांक-29-05-2024 को की जायेगी जिस किसी व्यक्ति को मृतक हीरामन पुत्र शिव उपरोक्त के सम्पत्ति के उत्तराधिकार के सम्बन्ध में किसी प्रकार का दावा प्रस्तुत करना हो तो नियम तिथि तक कार्यालय समय 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत करें। उक्त तिथि पर दावा प्रसतुत न होने पर प्रार्थना पत्र का निर्धारण कर दिया जायेगा। आज दिनांक 01मई 2024 को मेरे कार्यालय केमुहर से मुद्रित होकर तथा मेरे द्वारा हस्ताक्षरित होकर जारी किया गया। न्यायालय की आज्ञा से मुंसरिम न्या0सि0ज0जू0डि0 सोनभद्र

**अदालती नोटिस**

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनभद्र एम.ए.सी नम्बर-29 सन् 2024 रीबा देवी बनाम राजू कुमार राजू कुमार पुत्र कमला प्रसाद, निवासी क्वा0नं0-एम-781 एन0सी0एल0 बीना कालोनी, थाना शक्तिनगर, जिला सोनभद्र। (स्वामी वाहन मोटर सायकिल सं0- P64M/4413)।........... प्रतिवादी................ विपक्षी। (मोटर दुर्घटना दावा अन्तर्गत धारा-174 M.V.Act 1988) हरगाह, मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02 माह 05 सन् 2024 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 04 सन् 2024 ई0 जारी किया गया। न्यायालय की आज्ञा से मुंसरिम न्या0मो0दु0दा0अ0 सोनभद्र

**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्भित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय, तह0 सदर, जिला जौनपुर
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-T202214360407154
रविन्द्र प्रताप बनाम संजय कुमार बनाम आदि
अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006
ता.पेशी-03.05.2024 आपत्ति/निस्तारण

बनाम- 1-संजय कुमार उ.त. 52 साल, 2-बृजेश कुमार उ.त. 48 साल, 3-विकाश पटेल उ.त. 45 साल पुत्रगण स्व0 विक्रमादित्य, 4-सीता देवी उ.त. 65 साल पत्नी श्रीराम, 5-अम्बरीश उ.त. 35 साल, 6-अवनीश उ.त. 30 साल पुत्रगण रामराज, 7-इन्द्र कुमार उ.त. 62 साल, 8-विनय कुमार उ.त. 60 साल, 9-संतोष कुमार उ.त. 50 साल, 10-अशोक कुमार उ.त. 48 साल, 11-राकेश कुमार उ.त. 45 साल पुत्रगण रामराज, 12-मनोज कुमार उ.त. 35 साल, 13-दुर्गा शंकर उ.त. 42 साल पुत्रगण बाबूराम, 14-दीपक उ.त. 38 साल, 15-प्रदीप उ.त. 35 साल, 16-संदीप उ.त. 32 साल पुत्रगण स्व0 विजय कुमार, 17-जगदीश उ.त. 70 साल पुत्र मयाशंकर, 18/1-प्रमिला उ.त. 60 साल विधवा लक्ष्मीचन्द, 18/2-राजीव रंजन उ.त. 33 साल पुत्र स्व0 लक्ष्मीचन्द, 19-ऋषि रंजन उ.त. 35 साल पुत्र रामचन्दर, निवासी मौजा जगदीशपट्टी, पर0 हवेली, तह0 सदर, जिला जौनपुर, 20-नगर पालिका परिषद जौनपुर जरिया अध्यक्ष, 21-उ0प्र0 राज्य जरिया जिलाधिकारी जौनपुर।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन हेतु संदर्भित करने के लिए 2024 के 05 के 03 दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधरित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20............के..........के..........दिवस को निकाली गई। -न्यायालय

**सूचना:-** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने सुन्दरम मिच्युअल फंड जिसका फोलियो नम्बर-18344456 में पैसा जमा किया था। जिसमें मेरा नाम FAIYAZ KHAN MR. S/O SAJJAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पासबुक आदि में मेरा नाम FAIYAJ S/O SAJJAD दर्ज है। दोनों ही नाम मेरे ही हैं। इस नाम व पते का अन्य कोई व्यक्ति मेरे मोहल्ले में निवास नहीं करता है। वर्तमान एवं भविष्य में इन्हे FAIYAJ के नाम से ही जाना जाय। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 10 दिन के अंदर दावा प्रस्तुत करे।
**प्रार्थी**- FAIYAJ S/O SAJJAD निवासी -मो0 कोतवाली, पोस्ट व थाना - मछलीशहर, जिला -जौनपुर (ऊ. प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेलौनाकला, विकास खण्ड बरसठी, जनपद-जौनपुर

पत्रांक- मेमो / 2024-25 दिनांक: 01.05.2024

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज मे, मरम्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन तिथि से 5 दिवस के अन्दर इच्छुक आपूर्तिकर्ता सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं., परियोजना का नाम/सामग्री, मात्रा, दर:** **1.** ईंट 150एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, **2.** सीमेन्ट प्रति बैग, **3.** मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू, प्रतिघन मीटर, **4.** स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम. प्रति घन मीटर, **5.** सरिया विभिन्न साइज प्रति कुन्टल, **6.** करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित प्रति नग, **7.** पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट प्रति हजार, **8.** सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्टी लाईट/हाइमाक्स सोलर लाइट प्रति नग, **9.** शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री, **10.** ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम., 350 एम.एम., 600 एम.एम., 800एम. एम. NP3 प्रति मी0, **11.** ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार, **12.** गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य प्रति घन मी0, **13.** सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामाग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच प्रति नग, **14.** कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच प्रति नग, **15.** जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर प्रति नग, **16.** मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास प्रति घन मी0, **17.** चूना, पेन्ट इत्यादि प्रति नग, **18.** वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि प्रति वर्ग मी0, **19.** विडियों कैमरा दिशा सूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम प्रति नग, **20.** गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री, **21.** हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी, **22.** कायाकल्प के अंतर्गत डेस्क/ बेंच क्रय, **23.** रेट्रोफिडिंग हेतु सामग्री, आरसीसी सेन्टर हेतु सामग्री, **24.** सीएससी केन्द्र का निर्माण से संबंधित, कम्प्यूटर सिस्टम एवं इन्वर्टर, **25.** सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन के पास दुकान निर्माण से संबंधित सामग्री।

**(धनुष धारी यादव)**
**ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी**

**(इसरावती देवी)**
**ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चंद्रभानपुर, विकास खण्ड बरसठी, जनपद-जौनपुर

पत्रांक- मेमो / 2024-25 दिनांक: 01.05.2024

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज मे, मरम्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन तिथि से 5 दिवस के अन्दर इच्छुक आपूर्तिकर्ता सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं., परियोजना का नाम/सामग्री, मात्रा, दर:** **1.** ईंट 150एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, **2.** सीमेन्ट प्रति बैग, **3.** मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू, प्रतिघन मीटर, **4.** स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम. प्रति घन मीटर, **5.** सरिया विभिन्न साइज प्रति कुन्टल, **6.** करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित प्रति नग, **7.** पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट प्रति हजार, **8.** सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्टी लाईट/हाइमाक्स सोलर लाइट प्रति नग, **9.** शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री, **10.** ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम., 350 एम.एम., 600 एम.एम., 800एम. एम. NP3 प्रति मी0, **11.** ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार, **12.** गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य प्रति घन मी0, **13.** सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामाग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच प्रति नग, **14.** कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच प्रति नग, **15.** जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर प्रति नग, **16.** मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास प्रति घन मी0, **17.** चूना, पेन्ट इत्यादि प्रति नग, **18.** वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि प्रति वर्ग मी0, **19.** विडियों कैमरा दिशा सूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम प्रति नग, **20.** गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री, **21.** हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी, **22.** कायाकल्प के अंतर्गत डेस्क/ बेंच क्रय, **23.** रेट्रोफिडिंग हेतु सामग्री, आरसीसी सेन्टर हेतु सामग्री, **24.** सीएससी केन्द्र का निर्माण से संबंधित, कम्प्यूटर सिस्टम एवं इन्वर्टर, **25.** सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन के पास दुकान निर्माण से संबंधित सामग्री।

**(धनुष धारी यादव)**
**ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी**

**(गजेंद्र प्रसाद दुबे)**
**ग्राम प्रधान**

# मनचले ने किशोरी पर ब्लेड से किया जानलेवा हमला

**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजगी टोला में चादर का जुलूस देखकर जा रही किशोरी को मनचले ने छेड़खानी का विरोध करने पर उसके चेहरे पर धारदार ब्लेड से वार कर दिया। सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि इसी मोहल्ले की रहने वाली एक किशोरी उम्र लगभग 17 वर्ष कोतवाली चौराहे से गुजरने वाले एक मजहबी जूलूस को देख कर वह कोतवाली चौराहे से सोमवार की रात लगभग 9 बजे अपने घर वापस जा रही थी। जैसे ही किशोरी एकांत में पहुंची मनचले ने उससे छेड़खानी करना शुरू कर दिया। किशोरी ने इस बात का जब घोर विरोध किया तो वह अपने साथ लेकर आए धारदार ब्लेड से उसके चेहरे पर वार कर दिया।

घटना की जानकारी परिजन ने उसी समय पुलिस को दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना चौकी प्रभारी राज कॉलेज राम प्रकाश यादव को सौंप दिया। चौकी प्रभारी ने छापेमारी कर मनचले को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी का चालान न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अभी भी मामले की छानबीन कर रही है।

## जहर खाने से महिला की बिगड़ी हालत

**जौनपुर।** संदिग्ध अवस्था में कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरेमू गांव निवासी नीलम उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्री राम प्रसाद बुधवार सुबह संदिग्ध अवस्था में कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास करने में बेहोश हो गई हालांकि जब परिजन को जानकारी हुई तो उसे जिला अस्पताल पहुंचा कर दाखिल करवाए।


## अधिकारों की रक्षा करने को नई पीढ़ी आए आगे

**जौनपुर।** सदा की तरह बड़ौदा यूपी बैंक के तीनों क्षेत्रीय संगठन अवकाश प्राप्त कार्मिक अधिकारी और कार्मिक संगठन ने मजदूर दिवस पर प्रात: 8 बजे वरिष्ठ कामरेड शकील अहमद की अध्यक्षता में सभा किया जिसमे बोलते हुए रत्नाकर दूबे ने 1886 के आज के दिन की याद दिलाया। कहा कि अधिकारों की रक्षा करने को नई पीढ़ी आगे आये। अश्वनी श्रीवास्तव, अशफाक अहमद व शिव कुमार ने कहा वाजिब मजदूरी और काम के निश्चित समय के लिये ग्रमीण बैंक कर्मियों का अपने नेता स्वर्गीय मुखर्जी के नेतृत्व में किया गया संघर्ष उल्लेखनीय है। अन्त में शकील अहमद ने कहा कि शिकागों के शहीदों का संघर्ष रहती दुनिया तक बेकार नहीं जायेगा। मजदूर अपने हितों के पहले साथी के हितों के लिये आगे आता है। जब तक स्वार्थ से उपर उठ कर संघर्ष करता रहेगा। कभी उसकी हार नही होगी प्रबंधन चाहे जितना क्रूर और शक्तशाली हो।

सभा में मिलन कुमार चतुर्वेदी, शलेंद्र सिंह, पीके सिंह, सुबाष यादव प्रिंसू चौरसिया, अरुण श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे । वक्ताओं ने कहा कि जब तक सूरज चान्द रहेगा, दादा तेरा नाम रहेगा, हमारी एकता जिन्दाबाद मजदूर दिवस जिन्दाबाद।।

## कोविड शील्ड के आविष्कारों को दें धन्यवाद: डा. एचडी सिंह

**जौनपुर।** कृष्णा हार्ट केयर निकट जेसीज चौराह के प्रख्यात चिकित्सक डा. एचडी सिंह ने कहा कि न पाले बहम गजब की टाइमिंग है। जब हम वैक्सीन पर मेहरबान हो गये है एस्ट्रोजेनिका वैक्सीन को जन्म देने वालों ने 2021 में ही अपने रिसर्च पेपर के द्वारा यह सूचना प्रेषित की थी कि इस वैक्सीन में यह बताया था कि थ्रोमबोसिस इसका बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट हो सकता है। कुछ समय बाद यह लगभग सत्यापित हुआ कि यह दस लाख लोगों में से किसी एक व्यक्ति को हो सकता है। अब थ्रोमबोसिस अगर हो ही गया उसको इससे मृत्यु की संभावना भी केवल एक प्रतिशत है। अर्थात् इस वैक्सीन को यदि दस करोड़ लोगों को दिया जाय तो किसी एक व्यक्ति में मृत्यु की संभावना बनेगी। जबकि कोरोना से मृत्यु की संभावना अपने आप 2-3 प्रतिशत थी अर्थात 100 में से 2-3 व्यक्ति की। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे कहा कि कोरोना में जो मौतें हुई उसमें से बहुतों का कारण यहीं थ्रामबोसिस ही था। अत: दस करोड़ में से एक घटने वाली घटना से डरकर, उस घटना को आमंत्रण देना जिससे 100 में से 2 लोगों की मृत्यु हो सकती है। स्पष्ट करता है की यह बात उतनी भी बुरी नहीं है। कोविशिल्ड की इफेक्टिविटी बाद में लगभग 90 प्रतिशत साबित हुई। अत: अंध विरोध के चलते उस चीज का विरोध करना जिसने मानवता की इतनी बड़ी सेवा की निकृष्टता है।


डा. एचडी सिंह।

ब्लड कैंसर में बोन मैरो ट्रांस्प्लांट के दौरान ही 5-10 प्रतिशत मरीज़ों की मृत्यु कैंसर के बजाय केवल उस प्रक्रिया से हो जाती है बावजूद इसके पिछले चार दशक से यह पहली च्वाइस है। कभी किसी ने नहीं कहा कि यह इलाज लोगों को मार रहा है क्योंकि किसी भी दवा, इलाज और इंटरवेंशन को समग्रता से देखा जाता है। यह देखा जाता है कि नेट इससे मानवता बच रही है या नहीं। इस हिसाब से मानवता को कोविड शील्ड के आविष्कारकों का धन्यवाद देना चाहिए और बेमतलब के विवाद और राजनीति का हिस्सा नहीं बनते है।


कार्यक्रम में भाग लेते सावित्री कान्वेंट स्कूल के बच्चे।

## सावित्री कान्वेंट स्कूल में मजदूर दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जौनपुर।** बुधवार को सावित्री कान्वेंट स्कूल में मजदूर दिवस पर छात्रों और छात्राओं द्वारा पोस्टर, उपकरणों के माध्यम से अपने विचार प्रकट किया। जिसमें हर्षिता, अभिनव, अनुभव, उदित, आराध्या, दीपिका आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाचार्या ने मजदूर दिवस के महत्व को बताते हुए देश के सभी मजदूर भाइयों को बधाई दी और देश के प्रगति में उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा. अजीत अस्थाना, संजय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संकाय भवन के कार्यालयों का कुलपति ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने बुधवार को संकाय भवन स्थित विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने टेक्निकल सेल, छात्र अधिष्ठाता कार्यालय, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ कार्यालय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग में पहुंच कर छात्र सुविधाओं और पठन-पाठन की जानकारी ली। टेक्निकल सेल में उन्होंने छात्रों द्वारा परीक्षा एवं अंकपत्र के संबंध में दिए जाने वाले आवेदनों के बारे में विस्तार से जाना और कहां कि छात्रों की समस्याओं का निराकरण समय से हो। इसके साथ ही छात्र अधिष्ठाता कार्यालय में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के संबंध में चर्चा की और विद्यार्थियों को आने वाली समस्या के बारे में जाना। बायोटेक्नोलॉजी विभाग में प्रोफेसर राजेश शर्मा, प्रोफेसर वंदना राय, प्रोफेसर प्रदीप कुमार से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए किया जा रहे हैं प्रयासों के बारे में बताया। कहा कि सेल द्वारा निरंतर कंपनियों से प्लेसमेंट के लिए संपर्क किया जा रहा है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह, प्रोफेसर मनोज मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. मनोज पांडेय समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मई दिवस के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की 136वीं वर्षगांठ पर दिशा फाउंडेशन ने ग्राम सभा मुरकी में संयुक्त रूप से जन सभा का आयोजन किया। जन सभा में ग्राम सभा के साथ ही आस पास के गांवों से सैकड़ों महिलाएं पुरुष, नौजवानों ने जन सभा में हिस्सा लिया। जन सभा में राजदेव राजभर ने अपने गीत जांगर बेच के जीने वाले मई दिवस को याद करों झंडा लाल है किनके खून से, उन वीरों को याद करो, गीत गाकर मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि दिया। दिशा फाउंडेशन के संस्थापक लाल प्रकाश राही ने मई दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की श्रम करने वालों ने अपने ऊपर होने वाले जुल्म अत्याचार के खिलाफ उस समय से लड़ रहें है जब दुनिया में कई धर्मों का उदय भी नहीं हुआ था। कामरेड बचाऊ राम ने कहा कि मई दिवस सिर्फ भारत में नहीं बल्कि पूरी दुनियां में एक साथ मनाया जाता हैं। लालगंज से आए राजपत राजभर ने मजदूरों के गीत के माध्यम से संगठित करने का आह्वान किया। सभा को विवेक शर्मा, साधना यादव, डा. महेंद्र प्रताप, राजदेव यादव, आजमगढ़ से आए पूर्व प्रधानाध्यापक जगनंदन, पूर्व प्रधानाध्यापक नंदलाल एडोकेट, नम: नाथ शर्मा समेत दर्जनों वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता जनार्दन चौहान और संचालन कैलाश राम ने किया।

## मजदूरों को अंग वस्त्रम् देकर किया गया सम्मानित

**जौनपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था द मर्सी क्लब ने ऐतिहासिक शाही पुल के नजदीक विभिन्न मजदूरों को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था के प्रवक्ता रियाजुल हक ने कहा की मजदूर दिवस मनाने का महत्व विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकता है लेकिन यह एक संदेश देता है कि मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान व न्याय मिलना चाहिए। मजदूर समाज की आधारभूत ढांचे को सुनिश्चित करते हैं। वे श्रम करके उत्पादन का संचालन करते हैं, जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होता है। नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने बताया की हर साल मजदूर दिवस पर एक थीम सुनिश्चित की जाती है। वरिष्ठ सदस्य मास्टर कलीम सिद्दीकी ने बताया की 1 मई 1889 में अमेरिका के मजदूर दिवस मनाने के प्रस्ताव के 34 साल बाद भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत हुई। देश में मजदूर अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठी तो 1 मई 1923 में पहली बार चेन्नई में मजदूर दिवस मनाया गया। लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान की अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाने का ऐलान किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवा, शाहनवाज कुरेशी, रितेश श्रीवास्तव, अजय दुबे, अर्श, राजेश, जितेंद्र, गोविंद आदि मेंबर मौजूद रहे।

# मतदान से मजबूत होगा लोकतंत्र: डॉ. धर्मेंद्र शर्मा

**जौनपुर।** जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक मतदान के लिए बुधवार को मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज बीटीसी विभाग की ओर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। डाइट विभाग के प्रवक्ताओं ने लोगोंको शपथ दिलाई। स्वीप (सुव्यवस्थित मतदान शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मतदाता शपथ, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता कविता तथा नारे के जरिए डीएलएड प्रशिक्षुओंको प्रेरित किया गया। डायट प्रवक्ता डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी कार्यों को छोड़कर के 25 मई को सबसे पहले मतदान करना आवश्यक है क्योंकि अधिक मतदान से लोक तंत्र मजबूत होगा। साथ ही योग्य सरकार बनाने के लिए और अपनी देश के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मतदान जरूरी है।

वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अमित कुमार ने कहा डीएलएड प्रशिक्षु प्रत्येक नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक करें। विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर डॉ. एमपी सिंह ने कहा प्रत्येक मतदाता को अपने मत का इस्तेमाल करना, लोकतांत्रिक भारत को मजबूत करना है। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की। पूर्वांचल विश्व विद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डा. विजय कुमार सिंह ने कहा मतदान का प्रतिशत बढ़ता हम सब की जिम्मेदारी है। डीएलएड प्रभारी आरपी सिंह ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष सिंह, डॉ. प्रवीण यादव, डॉ. अहमद अब्बास खान, डॉ. तकरीम फातिमा, डॉ. आलमीना परवीन एवंम समस्त डीएलएड प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## राष्ट्र के विकास में श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण: डा. पीके सिंह

**जौनपुर।** बुधवार को आरएन टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुक्खीपुर बोदकरपुर में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस परंपरागत रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पीके सिंह एवं प्राचार्या डॉ. शीला सिंह के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व बस चालकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मजदूर दिवस के मौके पर आभार प्रकट करने के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा मजदूर व श्रमिकों के जीवन में आने वाली परेशानियों को नाटक के माध्यम से मंच पर उजागर किया गया उनके उत्कृष्ट कार्यक्र म को देखकर सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पीके सिंह ने कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बस चालकों एवं श्रमिकों को वस्त्र उपहार आदि प्रदान करके सम्मानित किया तथा राष्ट्र के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। प्राचार्या डॉ. शीला सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं की सराहना करते हुए श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।


महिला श्रमिक को सम्मानित करते डा. पीके सिंह व डा. शीला सिंह।

## पिकअप की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक की मौत

**जौनपुर।** चंदवक थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में पिकअप की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। इसी गांव के रहने वाले 20 वर्षीय अभय राजभर पुत्र स्वर्गीय बालचंद राजभर मंगलवार की रात लगभग 9 बजे अपनी ट्रैक्टर लेकर जा रहा था कि अचानक एक गड्ढे में ट्रैक्टर चले जाने के कारण वह उछलकर सड़क पर जा गिरा। उसी समय पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी उसके ऊपर चढ़ गई जिससे चलते मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रेक्षक ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के लिए नामित व्यय प्रेक्षक 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुण्डे राजेश बालाजी राव द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया व अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रेक्षक द्वारा ईडीएम/सोशल मीडिया एक्सपर्ट प्रतीक उपाध्याय को निर्देशित गया कि समस्त प्रत्याशियों का (फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम सहित अन्य) सोशल प्लेटफार्म की गहनता से निगरानी करे और वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी अवगत कराये। राजनीतिक विज्ञापनों का प्री-सर्टिफिकेशन, पेड न्यूज और सोशल मीडिया पर की जा रही निगरानी की जानकारी प्राप्त की और राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज, मॉनिटरिंग व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग की प्रक्रिया, सोशल मीडिया पर उम्मीदवारों व पार्टी द्वारा किये जा रहे प्रचार प्रसार, पोस्टर, पम्पलेट सहित चुनाव के दौरान खर्च की जा रही राशि को संबंधित उम्मीदवार व राजनैतिक पार्टी के व्यय में शामिल करने के कार्य को देखा तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कार्मिकों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुरूप कार्य करें। प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सी-विजिल एप के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी शिकायतों को प्राप्त कर उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश प्रेक्षक के द्वारा दिये गये। इस दौरान प्रेक्षक द्वारा वोटर जागरुकता हेतु कलेक्ट्रेट में बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिचवाई भी गयी। इस अवसर पर कोषाधिकारी उमा शंकर, जिला सूचनाधिकारी प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी मनोकामना राय, ईडीएम/सोशल मीडिया एक्सपर्ट प्रतीक उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मारुति सुजुकी के प्लेसमेंट में 60 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में चल रहे प्लेसमेंट प्रक्रिया में एमबीए के छात्रों के लिया मारुति सुजुकी (एरिना, नेक्सा)-कीर्ति कुंज के प्रतिनिधि का आगमन हुआ है। एचआर पद की आवश्यकता को दर्शाते हुए सर्वप्रथम प्रतिनिधि ने छात्रों से वार्तालाप की एवम् कंपनी और कंपनी कार्यों से छात्रों को अवगत कराया। 5 दर्जन से अधिक छात्रों ने चयन प्रक्रिया ने प्रतिभाग किया है। प्रक्रिया की अगली कड़ी में कंपनी प्रतिनिधि ने छात्रों का इंटरव्यू प्रारंभ किया। चयन प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही। इस पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, श्याम त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के मुख्य सदस्य यत्नदीप दुबे, विकास यादव, नवनीत मौर्य, आकाश कुमार, रुद्रांश चतुर्वेदी, दिव्यांशु संजय, हरी ओम साहू, शिवांश श्रीवास्तव, आयुष गुप्ता आदि छात्र उपस्थित रहे।

## फर्जी नामों से प्रार्थना पत्र देने वालों की भरमार

### जांच के नाम पर कर्मचारियों का समय होता है बर्बाद

*मीर बिलाल जानी*

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट कचहरी और उसके आसपास साइबर कैफे के माध्यम से पड़ोसियों में दुश्मनी को बढ़ाने और अपने लाभ की गरज से फर्जी नामों, हस्ताक्षर एवं मोबाइल नंबर को लिख कर प्रार्थना पत्र देने वालों की वर्तमान समय में भरमार हो गई है। जिसके कारण पड़ोसियों में दशकों तक दुश्मनी का सिलसिला चलने के साथ कभी-कभी इसी कारण से एक-दूसरे पर मुकदमे तक हो जाया करते हैं। जिसकी शहर के लोगों में काफी चर्चा होने के साथ फर्जी नाम से प्रार्थना पत्र देने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही होने की मांग भी होती रहती है। बानगी के तौर पर देखा जाए तो लगभग 25 दिन पहले शहर के एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता के नाम से पड़ोसी से दुश्मनी करवाने की गरज से एसडीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रार्थना पत्र पर फर्जी नाम, मोबाइल नंबर और फर्जी हस्ताक्षर कर आईजीआरएस कर जांच करवाने के नाम पर दिया गया था। इस तरह का फर्जी प्रार्थना पत्र पहली बार नहीं दिया गया है। समय-समय पर इस तरह का घृणित कार्य करने वाले लोग सक्रिय रह कर पड़ोसियों में रंजिश करवाने और चंद रुपयों के लाभ के खातिर स्वयं प्रार्थना पत्र देने के साथ ही कुछ कलेक्ट्रेट कचहरी के विभिन्न विभाग के कर्मचारियों से सांठ-गांठ करते हुए फर्जी नामों से प्रार्थना पत्रों को देने के कार्य को करते रहते हैं ताकि जांच के नाम पर अच्छी खासी रकम भोली भाली जनता को विभिन्न प्रकार से गुमराह एवं भय दिखा कर वसूली कर ली जाए। इस संबंध में अगर जानकारों की मानी जाए तो फर्जी नामों से प्रार्थना पत्र देने वालों पर प्रशासन कुछ हद तक अंकुश लगाने में कामयाब होना चाहता है तो प्रार्थना पत्र देने वालों से उनके आधार कार्ड की प्रति प्रार्थना पत्रों के साथ संलग्न करने के बारे में शिकायती पत्रों की जांच करने वाले विभिन्न विभाग के संबंधित कर्मचारियों के अलावा साइबर कैफे चलाने वालों को आदेशित कर दिया जाए कि जिस प्रार्थना पत्र के साथ आधार कार्ड की प्रति संलग्न नहीं है तो वह प्रार्थना पत्र पूरी तरह फर्जी माना जाएगा। ऐसा आदेश कर देने से फर्जी प्रार्थना देने वालों की अवैध कमाई के साथ भोली भाली जनता जांच के नाम पर ठगी होने से बच जाएगी और कर्मचारियों का समय भी बर्बाद नहीं होगा। जनपद के तेज तर्रार जिलाधिकारी का ध्यान इस खबर की तरफ आकृष्ट करवाया गया है ताकि समाधान शीघ्र हो।

# श्रीकला सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन हेतु बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी श्री कला सिंह के द्वारा 02 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। समाज विकास क्रांति पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के प्रत्याशी राम प्यारे के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। राष्ट्रीय साम्यवादी पार्टी के प्रत्याशी गोविंद लाल पटेल के द्वारा 02 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन हेतु निर्दल प्रत्याशी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी भारत राम यादव ने 01 सेट में पर्चा खरीदा। 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र निर्दल प्रत्याशी श्रवण कुमार द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया।


नामांकन पत्र दाखिल करतीं बसपा उम्मीदवार श्रीकला सिंह।

## बैरियर लगाकर संदिग्धों की चेकिंग करें निगरानी टीम

**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के लिए नामित व्यय प्रेक्षक 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुण्डे राजेश बालाजी राव कुसुम द्वारा एसएसटी टीम बदलापुर में निरीक्षण करते हुए स्थायी निगरानी टीम को निर्देशित किया गया कि जनपद के थानों द्वारा चेकिंग बैरियर, एसओपी के अनुसार चेकिंग करेंगे। उड़नदस्ता टीम में गठित टीमों प्रभारी रिजर्व, स्थायी निगरानी के लिए चेकिंग बैरियर के सन्दर्भ में भी जानकारी ली। 74-मछलीशहर व्यय प्रेक्षक कृष्ण कुमार पी द्वारा सिरकोनी में एफएसटी टीम से जानकारी लेते गठित टीमों प्रभारी रिजर्व आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होंने व्यय कन्ट्रोल रुम में बैठक करते हुए लेखा टीम के अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा समय से लेखा सम्बन्धी कार्य करने के निर्देश दिये और वहा हो रहे कार्य के सन्दर्भ में भी जानकारी ली। बैठक के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर सहित लेखा टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रमिक दिवस पर मतदान के लिए श्रमिकों ने ली शपथ

**जौनपुर।** जनपद में शत प्रतिशत मतदान हेतु जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां तीव्रता से चल रही है। इसी कड़ी में विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर श्याम सुंदर पैलेस मछलीशहर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम श्रम विभाग द्वारा, सहायक श्रम आयुक्त देवब्रत यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मनरेगा, दिहाड़ी व भट्ठा महिला, पुरुष मजदूरों ने सहभागिता किया। जिन्हें मतदान का महत्व बताने के साथ ही उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई। और श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। सहायक श्रम आयुक्त देवब्रत यादव ने श्रमिक दिवस पर मजदूरों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा मजदूरों के अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अत्यधिक गर्मी में हीट बेब से बचने के उपाय बताये। उन्होंने श्रमिकों को जागरूक करने के दौरान कहा कि देश के प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाए। मतदाता जितना जागरूक होगा, लोकतंत्र उतना ही सबल होगा। उन्होंने कहा कि 25 मई को पहले मतदान फिर काम-काज, उन्होंने श्रमिकों से अपील किया कि स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व आस पास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि जिले से बाहर दूसरे शहरों में गयें श्रमिक व उनके परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु अनोखी पहल "घर आजा परदेसी" के अंतर्गत आमंत्रण पत्र एवं वाइस व वीडियो कॉलिंग करते हुए मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी जूही मिश्रा, बीनू सिंह, खालिद चौधरी, देवेंद्र यादव एडवोकेट, सर्वेश चतुर्वेदी, सहित लगभग पांच सौ की संख्या में महिला पुरुष मनरेगा, दिहाड़ी व भट्टा श्रमिक उपस्थित रहे।

## यूपीएमएसआरए के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** बुधवार को मजदूर दिवस के अवसर पर यूपीएमएसआरए जौनपुर इकाई के सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन श्रम आयुक्त, उत्तरप्रदेश सरकार को ईमेल के माध्यम से एवं जिलाधिकार, के माध्यम से प्रेषित किया। उसके बाद जौनपुर ईकाई के सदस्यों ने अपने इकाई प्रांगण में अपने तथा अन्य संगठनों के साथ मजदूर दिवस मनाया। जिसमें यूपीएमएसआरए के राज्य इकाई सचिव नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि एक मई को भारत में मई दिवस मनाने के 101 साल पूरे हो रहे है। अंत में इकाई अध्यक्ष मनोज सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया और कहा की हम अपनी लड़ाई को और तेज करेंगे और किसी भी हाल में अपने इकलौते कानून सेल्स प्रमोशन एंप्लॉयज को लागू करवा कर ही रहेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक सिंह, अजय सिंह, अमित रंजन श्रीवास्तव, संदीप दुबे, अरुण सिंह, सुनील चौधरी के साथ साथ समस्त कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रधानों के साथ किया संवाद

**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आज जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा समस्त ग्राम प्रधानों के साथ विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से संवाद कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायतों में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से मतदान के प्रति मतदाताओं खास तौर पर दिव्यांग, युवा एवं महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ व्यापक तौर पर वृहद जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाये, जिससे लोगों में मतदान के प्रति उत्साह वर्धन हो, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभात फेरी एवं जन चौपाल कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होने चाहिए तथा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले प्रवासी नागरिकों के साथ भी विशेष रूप से संवाद स्थापित करते हुए उन्हे भी मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जाये। समस्त मतदान बूथों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं यथा टेन्ट, विद्युत, पेयजल, शौचालय, दिव्यांग जनो हेतु रैम्प इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए यदि कोई कमी रह गयी हो तो अनिवार्य रूप से तीन दिवस के भीतर समस्त आवश्यकताएं पूर्ण करा लें। मतदान पार्टियों द्वारा मतदान बूथों पर आगमन से लेकर प्रस्थान के समय तक सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से शौचालय एवं मतदान परिसर की साफ-सफाई का कार्य सुनिश्चित होना चाहिए।

## पुलिस उप महानिरीक्षक ने तैयारियों का लिया जायजा

**जौनपुर।** बुधवार को डा0 ओपी सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी द्वारा डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक के साथ लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना जलालपुर व जफराबाद का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया गया एवं आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान डा0 बृजेश कुमार गौतम अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्रीमती प्रतिमा वर्मा क्षेत्राधिकारी केराकत, देवेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

## संविधान से समाधान विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**जौनपुर।** आज़ाद शिक्षा केन्द्र रासमण्डल और वी. द. पीपुल अभियान गुरूग्राम हरियाणा के संयुक्त आयोजन में संविधान से समाधान विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला, साहू धर्मशाला में किया गया जिसमें पूर्ति संस्था गाजीपुर, नारी चेतना फाउण्डेशन महाराजगंज सद्भावना फेलो आज़मगढ़ और ब्लाक शाहगंज, करंजाकला, सिकरारा व मछलीशहर से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में कुल 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया मुख्य प्रशिक्षक धनंजय और सह प्रशिक्षक पवन थे। प्रशिक्षण की शुरुआत गतिविधि आधारित नाम के पहले अक्षर से बने शब्द की विशेषता के साथ परिचय से किया गया।

अपेक्षाएँ- प्रतिभागियों से निम्न अपेक्षाएं निकलकर आई-संविधान से जागरूकता / जोड़ना, समुदाय का सशक्तिकरण (दलित),जेण्डर खत्म करना, रोजगार, कानूनी जागरूकता, स्वास्थ्य, सामाजिक समानता, शिक्षा, घरेलू हिंसा। इसके के पश्चात प्री असेसमेन्ट हुआ फिर सभी प्रतिभागियों द्वारा जर्नल बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया। तीन दिवसीय कार्यशाला में गतिविधि के माध्यम से गेम के माध्यम से पीपीटी, विडियों दिखाकर, छोटे व बड़े समूह में कार्य का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा आदि के द्वारा मुख्य विषयों पर प्रतिभागियों की समझ बनाई गई। संविधान निर्माण की प्रक्रिया, संवैधानिक मूल्य, भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, राज्य की नीति के निदेशक तत्व, कानून और संविधान, राज्य की संरचना, आवेदन लेखन, कार्यशाला के तीसरे दिन कार्ययोजना निर्माण के तहत यह तय किया गया कि संविधान जागरूकता के लिए सिटिजन अड्डा किया जाएगा। इसके बाद पोस्ट असेसमेन्ट हुआ फिर प्रतिभागियों को सिटिजन चैम्पियन का प्रमाणपत्र दिया गया और आखिर में प्रतिभागियों के फीडबैक/अपेक्षाओ के साथ तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में निसार अहमद खान, सुफियान अहमद, आफताब आलम, दीपा विश्वकर्मा, ज्योतिका श्रीवास्तव, नौशाद अहमद, बीनू, रीमू, नीतू, शिल्पा प्रजापति, ब्रिसेन प्रताप, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटी लाश की हुई पहचान

**जौनपुर।** भंडारी रेलवे स्टेशन जीआरपी ने त्रिलोचन महादेव रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटी अज्ञात लाश बरामद किया । जिसकी बाद में पहचान हो गई है। जलालपुर थाना क्षेत्र मकरा गांव निवासी अवनीश चौहान 32 वर्ष पुत्र शत्रुघ्न चौहान की लाश बीती रात रेलवे ट्रैक पर कटी अवस्था में पाई गई। घटना की जानकारी थाना जीआरपी भंडारी रेलवे स्टेशन को मिली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा चल रही है। कोई इस घटना को आत्महत्या बता रहा है तो कोई इसे ट्रेन दुर्घटना बता रहा है। तो कोई हत्या कर फेकना बता रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

## अक्षय तृतीया पर बाल-विवाह रोकने के लिए प्रशासन सक्रिय

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार बालकों/बालिकाओं के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुये जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त प्रबुद्धजनों से अपील किया है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-1929 यथा संशोधित 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह करना/कराना, कानूनी अपराध है। प्राय: यह देखा जाता है कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह कराये जाने की कुप्रथा रही है। वर्तमान में 10 मई को अक्षय तृतीया/अखा तीज निर्धारित है। बाल विवाह समाज व उस व्यक्ति के लिये जिसका बाल विवाह हो रहा है एक अभिशाप है।

यह गरीबी के दुष्चक्र को बनाये रखने में मदद करता है। यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था जिसको बाल विवाह के सम्पन्न होने की जानकारी या वाजीब शंका हो वह अपने इलाके के पुलिस थाना, विजय कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, चन्दन राय, बाल संरक्षण अधिकारी, अशोक कुमार मिश्र, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति के साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नं0-1098, इमरजेन्सी हेल्पलाइन नं0-112, महिला हेल्पलाइन नं0-181 और जिला मजिस्ट्रेट को लिखित या मौखिक रूप से सूचित कर सकते हैं। वह लड़की जिसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो एवं वह लड़का जिसने 21 वर्ष की आयु पूर्ण न किया हो और यदि वे शादी करते हैं तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। ऐसे विवाह करवाने वाले व्यक्तियों जैसे पण्डित, मौलवी, पादरी, नाई, कहार, बैण्डबाजा, हलवाई, टेन्ट वाला व्यक्ति, पिता एवं रिश्तेदार, दोस्त इत्यादि उक्त कानून के धारा 10 के अन्तर्गत बाल विवाह को सहमति देना, बढ़ावा देना या शामिल होना उक्त कानून के धारा 11 के अन्तर्गत दण्ड 2 साल तक का कठोर कारावास/एक लाख जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

तरुणमित्र
गुरूवार, 02 मई 2024
संवत- 2081, वैशाख कृष्ण पक्ष- 09

# गणेश शंकर विद्यार्थी की अगली पीढ़ी के पत्रकार थे कैलाश जी

-: पुण्यतिथि पर विशेष :-




'*यथा नाम तथा गुण*' वाली कहावत सटीक रूप से चरितार्थ होती है कैलाश जी पर। वे मानवता के कैलाश शिखर थे। अद्भुत व्यक्तित्व, प्रेम, सद्भावना, करूणा के अथाह भंडार।

मई 1998 में वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व जब मैंने सँभाला तो आपसे पहली मुलाकात हुई। परंपरावश कार्यभार सँभालने के तुरंत बाद पत्रकारों का जमावड़ा विश्वविद्यालय प्रांगण में हुआ। स्वाभाविक है विश्वविद्यालय को खुले 11 वर्ष बीत चुके थे। प्रशासनिक भवन तो अपनी भूमि पर बना था शेष कुछ विशेष नहीं था। पीली कोठी जौनपुर शहर में टी0डी0 कॉलेज की सम्पत्ति के कुछ कमरों में इंजीनियरिंग कॉलेज चल रहा था। विश्वविद्यालय की 171 एकड़ भूमि बंजर और सूनसान पड़ी थी। अधिकांश भूमि पर किसान बो-जोत रहे थे। किसी योजना और प्रबंधन के अभाव में वे निःशुल्क ही भूमि का प्रयोग कर रहे थे। पत्रकार तो जिज्ञासु वर्ग है, उन्होंने मुझे घेर लिया और सवालों की बौछार करने लगे। आप क्या करेंगे, कैसे करेंगे? वि0वि0 के एक अधिकारी ने पत्रकारों को बुलाकर मुझे बताया कि यह तो एक औपचारिकता है जो नए कुलपति के विश्वविद्यालय में आते हैं। मैंने कहा कि पत्रकार बहुत सम्मानित लोग होते हैं उनकी आवभगत या स्वागत में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। खाने पीने की व्यवस्था के बावजूद पत्रकार तैयार होकर आए थे। अतः वे अव्यवस्थित ढंग से प्रश्न पूछने लगे ताकि कुलपति को पहले ही डरा-धमका कर सीधा कर दिया जाए।

इस भीड़ के बीच एक परिपक्व व्यक्ति, सांवला रंग, चमकती सफेद दन्तावलि, चश्मे के पीछे आश्वस्त व शांत आँखें, छरहरा बदन धोती कुर्ता पहने अन्य पत्रकारों से अलग लग रहे थे। कुछ नहीं बोल रहे थे, जब मैंने पत्रकारों से एक-एक कर बोलने का अनुरोध किया तो कैलाशनाथ जी ने अपने वरिष्ठ पत्रकार व अनुभव संचित गंभीर व्यक्ति के रूप में दृढ़ता से कहा- हमने अनेक कुलपति देखे हैं बिना व्यवस्था के हम क्या पूछ सकते हैं और ये क्या उत्तर दे सकते हैं! आपकी दृढ़ संकल्ति संयत वाणी को ध्यान में रखकर सब अति उत्साही पत्रकार एकदम स्तब्ध हो गए, सन्नाटा छा गया। उन्होंने कहा हम पहली बार एक व्यक्ति से मिले हैं जो इस वि0वि0 में तीन वर्ष के लिए कुलपति जैसे महत्वपूर्ण पद पर महामहिम राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया गया है। हमें मर्यादा और अनुशासन के साथ वार्ता करनी चाहिए। यद्यपि मैं अनेक पत्रकार वार्ताओं में भाग ले चुका था या आयोजन कर चुका था किंतु कैलाश जी की इस दखलंदाजी से मुझे काफी राहत महसूस हुई। मैंने किसी अधिकारी पर न छोड़कर स्वयं वार्ता की कमान संभाली। उन पत्रकारों के प्रश्नों को गंभीरता से सुना और नोट किया तब तक वे जलपान कर चुके थे। मैंने सम्मानपूर्वक संबोधित करते हुए कहा आपके प्रश्नों को ध्यान से सुना और आपने जो चिन्ता व्यक्त की है कि वि0वि0 का समुचित विकास कि लिए चिंतित हैं। अतः कुछ दिन में स्थिति, संस्था, परिवेश व लोगों को ठीक से समझ लूं।

इस पर गंभीर चिन्तन के बाद में स्वयं पत्रकार वार्ता बुलाऊंगा, जिसमें वि0वि0 के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करूंगा और आपके सुझावों को पूरे सम्मान के साथ गंभीरता से विचार करूँगा। इस अवसर पर कैलाश जी ने संक्षिप्त भाषण में सभी को आश्वस्त करते हुए सकारात्मक रूख अपनाने और धैर्य रखने की सलाह दी थी। मैंने सभी का धन्यवाद किया और कैलाश जी को रुकने के लिए अनुरोध किया था। उनकी गंभीरता व परिपक्वता से प्रभावित होने का पहला अवसर था। कैलाश जी जमीन के आदमी थे, धरती पुत्र थे। उन्हें और उनकी पत्रकारिता को देखकर लगने लगा था कि कैलाश जी गणेश शंकर विद्यार्थी की अगली पीढ़ी के पत्रकार थे। उन तीन वर्षों यानी मेरे कार्यकाल के दौरान कैलाश जी ने वहाँ के गणमान्य लोगों से मेरा सम्पर्क करवाया और उनका सहयोग और आशीर्वाद मुझे प्राप्त होता रहा। कैलाश जी ने पूर्व राज्यपाल महामहिम माता प्रसाद जी से उनके घर पर बैठक आयोजित कर जौनपुर और वहाँ की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक जानकारी प्राप्त करवाई। उसी क्रम में पूर्व सांसद व जौनपुर की पहचान बाबू कमला प्रसाद सिंह जी से मेरी भेंट करवाई। लाला साहब सिंह इन्हीं के पड़ोसी थे, जो उस समय प्राचार्य पद पर कार्य कर रहे थे। जौनपुर आस-पास और विश्वविद्यालय में आयोजित सभी कार्यक्रमों में न केवल पत्रकार के रूप में अपितु मेरे सलाहकार के रूप में कैलाश जी का स्नेह और सहयोग मुझे प्राप्त होता रहा। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। तीन वर्षों की कुलपति की सेवाएं पूरी कर घर लौटने के बाद भी जिन चन्द लोगों से मेरा निरंतर सम्बन्ध बना रहा और जब भी मैं वि0वि0 गया तो कैलाश जी और बहन विमला सिंह जिनका परिचय भी कैलाश जी ने भी करवाया था, बराबर विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में मिलने आते थे। एक असरदार, दमदार और आत्मसम्मान के साथ पत्रकारिता करने वाले कैलाश जी की सामाजिक, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों में भी अहम भूमिका रहती थी। वे जौनपुर की जीवन-रेखा बने रहे। उनके असीम सामाजिक अवदान के बारे में जानकारी रखने का तो दावा मैं नहीं कर सकता। किंतु दो ऐसी संस्थाओं से कैलाश जी ने मुझे भी जोड़ दिया था, जिनमें वे विमला जी और अपनी टीम के साथ मिलकर कार्य करते थे। एक संस्था जो लावारिश लोगों के दाह-संस्कार का कर करती थी उसका कार्यक्रम अनूठा और साहसपूर्ण लगा था, क्योंकि अनाथ, असहाय लोगों के जीवित रहते उनकी सेवा करने वाली संस्थाएं तो सुनी और देखी थी किंतु किसी भी कारण से मृत अज्ञात व्यक्ति के शव का सम्मानपूर्वक उपयुक्त विधि-विधान से गोमती के घाट पर ले जाकर अन्तिम संस्कार करना कैलाश जी और उनकी टीम ही कर सकती थी। एक-दो संस्कारों में कैलाश जी के आग्रह पर मैं भी शामिल हुआ था। इसके लिए वे संसाधन व सहयोग कैसे जुटाते थे यह तो उन्हीं के बूते की बात थी। दूसरे कार्यक्रमों में भी एकाध बार भागीदारी करने का अवसर कैलाश जी और विमला जी ने मुझे प्रदान किया। इनकी टीम संवेदनशील लोगों से संसाधन जुटाकर अनाथ कन्याओं का विवाह सम्पन्न करवाती थी। सभी संस्कारों के बाद मैंने देखा कि ये लोग अश्रुपूर्ण नेत्रों से उन कन्याओं को विदा करते थे। वह भी एकाध नहीं बल्कि सामूहिक रूप में विवाह की सारी रस्में पूरी कर अभिभावकों की भाँति कन्याओं को विदा करते थे।

अत्यन्त प्रशंसनीय और साहसिक कार्य थे। मैं कैलाश जी और उनके कार्यों से इतना प्रभावित हुआ कि उन्हें बड़े भाई की भाँति मानने लगा। उनका अनुरोध मेरे लिए आदेश हो गया था? 2001 के बाद मैं अनेक बार जौनपुर आया अनेक लोगों के दुःख-सुख में शरीक होने का अवसर मिला जो मेरा पुनीत कर्तव्य था किंतु दुखद बात यह रही कि मैं अपने बड़े भाई मार्गदर्शक, हितैषी, परममित्र ख्यातिलब्ध पत्रकार, समाजसेवी के न रहने पर श्रद्धांजलि देने न आ सका। बुरा हो कोरोना महामारी का जिसने हमें अपनों से दूर रखा। उनकी हंसी, आत्मीयता और सुकून देने वाली मुलाकातों को कभी नहीं भूल सकता। उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।



**डा0 पी0सी0 पातंजलि**
**पूर्व कुलपति**
**वी.बी.एस.पूर्वांचल विश्वविद्यालय**

## आफत में ट्रूडो

*कनाडा में रविवार को हुए एक कार्यक्रम में जिस तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते रहे, उस पर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डिप्टी हाई कमिश्नर को तलब कर ठीक ही इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। खालसा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारतीय नेताओं को निज्जर का हत्यारा बताया गया था। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वहां मौजूदगी के बावजूद इन सबको रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश नहीं दिखी। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार राजनयिक पैमाने पर बिल्कुल फिट नहीं बैठता। दोनों देशों के रिश्ते अगर इस मोड़ पर आ गए हैं, जहां उनके बीच भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। कनाडा में इन तत्वों को जिस तरह का खुला स्पेस दे दिया गया है, उसके पीछे वोट बैंक की राजनीति है।*

*मगर लंबे काल में यह सबके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। अच्छा होगा कि कनाडा अपने पड़ोसी देश अमेरिका से सबक ले। यूएस में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे। लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया। स्वाभाविक है भारत ने अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के दरम्यान नहीं आने दिया गया। निश्चित रूप से कनाडा इस मामले में एक बहुत बुरे उदाहरण के रूप में सामने आया है, लेकिन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां कई और देशों में मसला बनी हुई हैं।*

*सभी संबंधित देशों को देर-सबेर यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक स्पेस की आड़ में किसी अन्य देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों को चलने देने की वकालत ठीक नहीं है।*

## समय का उपयोग और दुरूपयोग

*- डॉ. गोपाल नारायण आवटे-*

समय अनंत काल से उपलब्ध है। इसे कालगणना में मनुष्य ने बांधा है। समय को बांधने-निबंध होने की कोई चिंता नहीं है। वह तो प्रवाहमान है। अनंत काल से गतिमान। समय का उपयोग आप करते हैं तो उससे उसे कोई अंतर नहीं पड़ रहा है और अगर उसका दुरूपयोग कर रहे हैं तो भी उसको कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

समय का दुरूपयोग क्या है? तीन-चार व्यक्ति बैठ कर ताश खेल रहे हैं या फालतू की गपशप कर रहे हैं, यह समय का दुरूपयोग आपकी दृष्टि में हैं, किंतु जो उस समय को उस तरह से व्यर्थ गंवा रहे हैं उनकी दृष्टि से यदि देखें तो वह समय का उपयोग कर रहे हैं। समय का उपयोग या दुरूपयोग का विचार-दोनों व्यक्तियों का अपना है। जिसका जैसा सोच होगा उसे समय का उपयोग या दुरूपयोग उसी तरह प्रतीत होगा। समय को इस बात से कतई अंतर नहीं पड़ रहा है कि आप उसका क्या कर रहे हैं। उसका उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए ले रहे हैं कि उसका उपयोग समुदाय के लाभ हेतु कर रहे हैं। वह तो अनंतकाल से बहता चला जा रहा है। अनंतकाल तक बहता रहेगा यदि आप यह विचार करते हैं कि समय को आप रोककर इतिहास बना लेगें तो उस समय को रोकने के लिए आपको कलासाधक बनना होगा।

उस वर्तमान के क्षणों को पत्थर पर उकेरना होगा, उस वर्तमान के पलों को कागज कलम से कथा-कविता के रूप में जीवित करना होगा। समय को वही व्यक्ति जीवित रख सकता है जो वर्तमान का सही उपयोग करना जानता हो, यहां फिर प्रश्न उठ खड़ा होता है कि वर्तमान का सही उपयोग क्या है? यह प्रत्येक मनुष्य के अपने सोच, चिंतन और शिक्षा पर निर्भर करता है। समय को आपसे कोई दिक्कत नहीं है, वह तो चलायमान है। उसका कालचक्र तो निर्बाध गति से घूम रहा है। आज ऊपर है तो कल उसके चाक के नीचे आकर नष्ट होना भी है। सामाजिक विकास के चलते हमने शिक्षा ग्रहण की और सभ्य समाज के अंग बन गए।

यह विकास कई करोड़ों वर्षों का विकास है। इस काल को ना देवता से कोई मतलब था ना अल्लाह से। इस समय के चाक से मनुष्य ने ही अपने संतोष के लिए ईश्वर को गढ़ना प्रारंभ किया। समय तो बस सबका गवाह बनता गया किंतु उसने कभी हस्तक्षेप नहीं किया, करता ही क्यों? क्योंकि उसे आपसे कोई मतलब नहीं, वह तो निर्लिप्तभाव से चलायमान है। समय को पूजा मान कर उस पर पुष्प चढ़ाये, या उसका प्रतीक चिन्ह बनाये या उसे पंचाग या घड़ियों में बांध ले वह कहीं रूका या ठहरा है?

गणित करके उसकी गति को जान लेना सहज हो सकता है किन्तु उस गति का आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा इसका ज्ञान किसी को नहीं है। वैज्ञानिकों ने समय के बहुत ही छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए या उसे खंडों में बांट दिया किंतु क्या समय कट पाया है? क्या कभी जल को तलवार से काटा जा सकता है? उसी तरह मनुष्य द्वारा समय की कितनी भी गणना कर ली जाए समय को उससे क्या अंतर पड़ रहा है? समय ईश्वर की तरह विस्तृत और निर्लिप्त है। उसके कालचक्र में आप पाप करें-पुण्य करें, उसे उससे कोई अंतर नहीं पड़ रहा है। आपका जीवन तो प्रारंभ होकर अंत की तरफ चला जा रहा है किंतु समय का प्रारंभ और अंत कहीं नहीं है। तर्क या समय को लेकर जितनी भी धारणायें बनाई गई है वह सब मनुष्य द्वारा निर्मित हैं। समय ने मनुष्य को इतनी शक्ति प्रदान कर दी है कि वह धारणायें निर्मित करने लगा। समय के प्रत्येक क्षण को संवेदनशील मनुष्य की तरह जीना चाहिए। एक एक क्षण का आनंद लेना चाहिए।

आपकी प्रसन्नता, आपकी खुशी उसी में है कि वर्तमान के प्रत्येक क्षण को भरपूर आनंद के साथ जिये, शायद ईश्वर की यही धारणा रही होगी तब ही तो उसने समय का निर्माण किया। समाज विकास, आत्म विकास हेतु समय के इन क्षणों से ऐसा कुछ चुरा लें कि इससे समाज का विकास हो यही कामना ईश्वर भी मनुष्य से करता है।

**( विनायक फीचर्स )**

## ...आज का दिन...

**मेष**- कार्यों में सफलता, विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों में रुझान, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, आत्मिक शांति, विवाद का समापन पक्ष में।

**वृषभ**- नवप्रयास सार्थक, अधिकारियों से सम्पर्क, जनकल्याण की भावना जागृत, मनो-विनोद के अवसर, भोगविलासिता की ओर रुझान, व्यक्तित्व का विकास।

**मिथुन**- आज दिन 2/33 बजे तक कार्यों के प्रति उदासीनता, शत्रु सक्रिय, कर्ज से चिन्तित, शेष समय में आर्थिक प्रगति, पारिवारिक खुशी, मांगलिक आयोजन सम्पन्न।

**कर्क**- आज दिन 6/06 बजे तक स्वास्थ्य सुधार पर, बकाए धन की प्राप्ति, यात्रा सकुशल, विवाद का समापन, शेष समय में कठिनाइयां, योजना में व्यतिक्रम।

**सिंह**- आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, सुसंदेश की प्राप्ति, व्यक्तित्व का विकास, उत्साह में वृद्धि, धर्म में आस्था, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**कन्या**- साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्धों मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, मित्रों का सहयोग।

**तुला**- आज दिन 6/06 बजे तक दैनिक कार्यों में उदासीनता, राजकीय कष्ट, सुख में कमी, शेष समय में नवयोजना दृष्टिगत, अधूरे कार्य पूर्णता की ओर, मन प्रसन्न।

**वृश्चिक**- आज दिन 6/06 बजे तक लाभ का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से अनुकूलता, सुख-शांति का अनुभव, शेष समय में आर्थिक व्यापारिक निराशा, वाहन से परेशानी।

**धनु**- अभीष्ट सिद्धि का सुयोग, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, स्वनिर्णय हितकर, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, मनोविनोद के अवसर सुलभ, अध्यात्म में रुचि।

**मकर**- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, राजनैतिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन संचय की ओर रुझान, हर्ष भी।

**कुम्भ**- आज दिन 6/06 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, परिवार में तनाव, योजना अधूरी, शेष समय भाग्य के पक्ष में, उत्तरदायित्व की पूर्ति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

**मीन**- आज दिन 6/06 बजे तक कार्यों में प्रगति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, सुसमाचार की प्राप्ति से प्रसन्नता, शेष समय में निराशा, जल्दबाजी का निर्णय अहितकर।

**-: श्री विमल जैन :-**

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722**

दैनिक तरुणमित्र **41 साल पहले : 02 मई 1983**

## पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने का प्रश्न नहीं: इन्दिरा गांधी

**लखनऊ, 1 मई।** लखनऊ से बरेली जाते समय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री श्रीमनी इन्दिरा गांधी ने पंजाब में 'राष्ट्रपति शासन' लागू किये जाने से इनकार करते हुए कहा कि पंजाब में कोई ऐसी स्थिति नहीं है जिससे राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के प्रश्न पर विचार किया जाय। श्रीमती गांधी ने विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले तो ये जनता को भड़काकर स्थिति विगाड़ते हैं और जब स्थिति पूर्णतः विगड़ जाती है और उनके नियंत्रण से बाहर हो जाती है तो वे सरकार को सीधे दोष देने लगते हैं। आपने कहाकि पंजाब में हुई हाल की घटना और स्थिति के लिए कुछ उग्रवादियों और विबेशी तत्वों का हाथ है, सरकार ऐसे तत्वों संघ के लोगों और उन व्यक्तियों को गिरफ्तार करेगी और किसी भी हालत में स्थिति को विगड़ने नहीं देगी।

**चन्दौली**

## कैमरे की निगरानी में ईवीएम मशीन का प्रथम रेण्डमाईजेशन कार्य संपन्न: जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी

**तरुणमित्र न्यूज़**

**चंदौली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में 01 मई को जनपद के एनआईसी सभागार में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो की उपस्थिति में ईवीएम मशीन का प्रथम रेण्डमाईजेशन कार्य संपन्न हुआ। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि।




जनपद में प्राप्त ईवीएम मशीनो का प्रथम रेण्डमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया।इस दौरान जितने ईवीएम मशीनों को देखा गया उन मशीनों की सूची सभी राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद तथा इसको जनपद के बेवसाइड पर अपलोड किया जाएगा। इस दौरान सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अलीनगर पुलिस अवैध तेल कारोबार का किया खुलासा

**तरुणमित्र न्यूज़**

**पीडीडीयू नगर, चंदौली।** अलीनगर पुलिस को मिली सूचना के आधार पर एक हाते में अवैध तरीके से टैंकरों से तेल चोरी करके बेचने का मामला पता चला इस सूचना पर अलीनगर पुलिस ने उक्त स्थान पर छापेमारी कर 12780 लीटर अवैध तेल बरामद किया साथ ही टैंकरों से तेल चोरी करने के विभिन्न उपकरण के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया साथ ही उक्त स्थान से एक ऑल्टो कार तीन मोटरसाइकिल लोहे के पांच ड्रम प्लास्टिक के पांच खाली केंन भी बरामत किया। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर काफी दिनों से उक्त अहाते में टैंकरों से तेल चोरी का मामला चल रहा था जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए सभी उपकरण को जप्त कर ली।



डा.अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार के अनुपालन में अपराधियों की धर पकड़ अपराध के रोक थाम के क्रम में थानाप्रभारी अलीनगर को मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम में निरीक्षक शेषधर पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना अलीनगर जनपद चन्दौली हे.का.ओम प्रकाश प्रचेता थाना अलीनगर जनपद चन्दौली,का.धर्मेन्द्र यादव थाना अलीनगर जनपद चन्दौली मौजूद रहे।

## हर जीव पर रहता है भगवान का सम भाव: माधवाचार्य

**तरुणमित्र न्यूज़**

**चकिया, चंदौली।** नौडीहा गांव में प्रयागराज से पधारे माधवाचार्य (महेश देव पान्डेय)जी महाराज ने सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा में बताया कि परमात्मा ने इस सृष्टि का निर्माण व मानव तन सृष्टि के हर जीव से प्रेम करने के लिए किया है।धरा पर जितने भी जीव है सभी में ईश्वर का वास है। व्यक्ति को व्यक्ति से प्रेम करना चाहिए। मनुष्य के जीवन का भी यही मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने हमें जो प्राकृतिक स्त्रोत दिए हैं उनका सदुपयोग कर हम जीवन को सरल-सफल बना सकते हैं। सनातन संस्कृति में जानवरों का भी बहुत महत्व है. इस धर्म में हर जानवर को मुख्य माना जाता है. यह जानवर किसी ना किसी देवी-देवता की सवारी भी होते हैं। हम चींटियों को हर समय नजरअंदाज करते हैं, उन्हें पैरों तले कुचल देते हैं. चींटी बहुत ही मेहनती और एकता से रहने वाली जीव है. सामूहिक प्राणी होने के कारण चींटी सभी काम बांटकर करती है। प्रभु के प्रति प्रेम दर्शाने का दूसरा तरीका है निष्काम सेवा है। सारी सृष्टि प्रभु की संतान है। जब हम बिना स्वार्थ से दूसरों की सेवा करते हैं, तो हम प्रभु की सेवा करते हैं। और ईश्वर का निस्वार्थ भाव प्रेम होता है। ईश्वर का प्रेम न केवल अपने भक्तों के प्रति होता है, बल्कि वह सभी प्राणियों के प्रति होता है। वह सभी को समान रूप से प्यार करता है और सभी की रक्षा करता है।

ईश्वर का प्रेम भाव निस्वार्थ होता है क्योंकि उसे कुछ नहीं चाहिए, उसे किसी भी प्रकार का मेवा मिष्ठान नहीं चाहिए। हमारे धर्म ग्रंथों में भी बताया गया है कि धरती पर जन्म लिए चाहे पेड़ पौधे भी क्यों न हो हर एक जीव जंतु हमारे जीवन का अहम हिस्सा है।

## मदर टेरेसा विजेता व ज्योति कॉन्वेंट उपविजेता बना

**तरुणमित्र न्यूज़**

**पीडीडीयू नगर, चंदौली।** रेमा मोड मनोहरपुर स्थित मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल आयोजित किया गया जिसमें मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल विजेता,ज्योति कॉन्वेंट स्कूल उपविजेता तथा राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। चंदौली कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन आफ चंदौली एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ चंदौली के महासचिव कुमार नंदजी ने बताया कि आज के कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर राम प्रकाश व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ विनय वर्मा, डिंपल सिंह, प्रेम प्रकाश यादव,दुर्गेश पाण्डेय ने फाइट का शुभारंभ करवाया तत्पश्चात सभी खिलाड़ियों ने आपस में मुकाबला करते हुए बेहतर खेल कौशल का परिचय देते हुए जीत के लिए जोर आजमाइश करते रहें जिसमें मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल 12 गोल्ड, 11 सिल्वर तथा 14 ब्रांज मेडल के साथ प्रथम स्थान पर रहे तो 9 गोल्ड,10 सिल्वर,10 ब्रांज मेडल के साथ ज्योति कॉन्वेंट स्कूल द्वितीय स्थान पर तथा 6 गोल्ड, 5 सिल्वर, 10 ब्रॉन्ज मेडल के साथ राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल तृतीय ट्रॉफी पर कब्जा किया।




प्रथम विजेता टीम को कोबुडो मार्शल आर्ट संघ चंदौली के कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील देवता प्रधान ने ट्रॉफी प्रदान करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि खेल में जब भी कोई इक्यूपमेंट की जरूरत हो आपके लिए उपस्थित रहूंगा एवं उप विजेता एवं तृतीय ट्राफी विजेता टीम को डॉ अनिल यादव, विनीता अग्रहरि,मिस पूर्वांचल रितु खरवार ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान किया। इस अवसर पर अनिल मौर्या, मोनू खान,दिलीप यादव,मनोज यादव, अरविंद कुमार, चंदन कुमार एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

रेफरी एवं जज की भूमिका में प्रताप नारायण चौबे, रोहित यादव,शालिनी जायसवाल,नीरज गुप्ता,अमन चौहान तथा इस कार्यक्रम के जिला महासचिव कुमार नंदजी रहे। अदिति,जानवी दुबे,हुसनैन, यश, कैफ, प्रीतम, मोहित, रूज़दा, विकास, शालिनी, ओजस, चंद्र विजय, मोहम्मद असद ल, अभिमान, रितिका, अंशिका, मयंक,आस्था, प्रियम, सृष्टि, साधना, समृद्धि, काव्या,दिव्यांशु ने अपने-अपने भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीते तथा समृद्धि, दीपिका, नंदनी, अंजलि, उन्नति,प्रिंस, शिवा, कृष्णा ने सिल्वर मेडल जीता तथा आयुष जायसवाल,अंश चंदेल, देवांश, सत्य प्रिया,प्रियांशु, यशविका, सृष्टि, शगुन, जानवी, श्वेता, आराध्या, कृष्णा, विशाल, मानस,सूरज ने अपने-अपने भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता।

## पूर्व प्रधान ने लगाया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व उनके भाइयों पर तालाब कब्जा करने का आरोप

**त्रिनाथ पांडेय**
**तरुणमित्र न्यूज़**

**चकिया,चंदौली।** जनपद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह पर पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा पाने के बाद कोर्ट के निर्देश को ताख पर रख कर तालाब को कब्जाने का आरोप लगा रहे हैं।

**पूर्व प्रधान ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर धनबल व बाहुबल के दुरूपयोग कर हर जगह लगाया जबरियां कब्जा करने का आरोप**- पूर्व प्रधान अभिमन्यु सिंह ने कहा कि चंदौली जिला के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह गांव के कुछ लोग धनबल के साथ राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा पाने के बाद कोर्ट के निर्देश तक को ताख पर रखने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि शहाबगंज विकासखंड अंतर्गत अपने पैतृक गांव तियरी में तालाब की सरकारी भूमि को कब्जा करने पर आमादा है।

**क्या कहना है पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का**- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह का कहना है कि तालाब को अमृत सरोवर योजना के तहत तैयार किया जा रहा है और सरकार के पैसे से काम हो रहा है। विरोधी केवल सरकारी काम में अडंगा डालने के लिए ऐसा आरोप लगा रहे हैं।

**स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी**- गांव के लोगों का आरोप है कि उन्होंने उसमें विधिवत बाउंड्री खड़ा करके पूरी तरह से अपने कब्जे में करने की कोशिश की हैं। तालाब पर निर्माण कार्य आज भी जारी है, जबकि उक्त भूमि को कब्जा कर निर्माण कार्य किए जाने के मामले में हाई कोर्ट द्वारा गांव के अभिमन्यु सिंह तथा अन्य ने रिट पेटीशन भी दाखिल किया है, जिसमें बीते 5 अप्रैल को हाईकोर्ट द्वारा कार्य पर रोक लगाए जाने का स्थगन आदेश भी मिल चुका है। बावजूद राजनीतिक प्रभाव के चलते तालाब की भूमि पर निर्माण कार्य अनवरत रूप से लगातार जारी है।

रिट पेटिशन में पूरा घटनाक्रम दिखलाया गया है। और कहा गया है कि तियरी गांव में आराजी नंबर 152 रकबा 0.114 हेक्टर आराजी नंबर 151 रकबा 0.266 हेक्टेयर अभिलेखों में तालाब दर्ज है। तालाब ग्रामवासियों को सिंचाई कार्य व पशुओं को पानी पीने के काम में आता रहा है। जबकि वर्ष 2018 में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पिता वकील सिंह द्वारा ताल पर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसके बाबत तहसील प्रशासन द्वारा टीम गठित करके धारा 67(1) उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत मुकदमा न0 1119/2018 कायम किया गया।

मुकदमा के दौरान वर्ष 2023 में वकील सिंह की मृत्यु होने के बाद 9 जून 2023 को बेदखली वाद समाप्त कर पुनः अतिक्रमण के संदर्भ में आख्या राजस्व निरीक्षक से वादी पक्ष द्वारा मांगी गई थी, मगर प्रतिवादी पक्ष के दबाव में आकर राजस्व निरीक्षक द्वारा कोई अख्या तथा किसी भी प्रकार की कार्रवाई प्रतिवादी के विरुद्ध नहीं की।

**वादी पूर्व प्रधान ने हाईकोर्ट ने दाखिल किया रिट जिस पर पारित हुआ स्थगन आदेश**- बावजूद तहसील प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई तो वादी पक्ष अभिमन्यु सिंह व अन्य ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट संख्या 720/2024 दाखिल किया, जिस पर न्यायालय द्वारा 5 अप्रैल 2024 को स्थगन आदेश पारित हुआ।

**तहसीलदार ने किया कमेटी का गठन 'कमेटी ने की जांच रिपोंट आनी बाकी**- हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी तहसील प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाया गया और निर्माण कार्य लगातार जारी है। जिस पर हाई कोर्ट के आदेश पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार ने पाँच सदस्यों की कमेटी का गठन कर जांच कर आख्या देने की बात कही जिस पर कमेटी ने जांच भी कर लिया है लेकिन रिपोंट अभी तक नही दी गई है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन कार्य संपन्न

**प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत विधानसभा वार ईवीएम, वीवीपैट का हुआ चयन**


एनआईसी सभाकक्ष में रैंडमाइजेशन का कार्य में उपस्थित डीएम प्रवीण मिश्र।

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्य कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी सभाकक्ष में बुधवार को संपन्न हुआ। ईवीएम, वीवीपैट के प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत जनपद की चारों विधानसभाओं के कुल 1762 बूथों के सापेक्ष 123 प्रतिशत कंट्रोल एवं बैलट यूनिट तथा 134 प्रतिशत वीवीपैट का चयन विधान सभा वार किया गया। इस प्रकार जनपद स्थित कुल 1762 बूथों के सापेक्ष 2167 बैलेट यूनिट, 2167 कंट्रोल यूनिट तथा 2361 वीवी पैट का चयन हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, ईवीएम, वीवीपैट प्रभारी सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से जिला महासचिव रामकरन यादव, भारतीय जनता पार्टी से उमेश चंद्र, आम आदमी पार्टी से जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह, बसपा से अंगद, सपा से रामधनी चौहान, अपना दल सोनेलाल से रमेश चंद्र सिंह पटेल तथा माकपा नेता उपस्थित थे।

## एसपी ने थाना प्रभारियों से लंबित मामलों के बारे में ली जानकारी

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** स्थानीय कोतवाली में रात लगभग 9 बजे अचानक पुलिस अधीक्षक ईलामारन जी आ पहुंचे जहां कुछ देर बाद मोहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के तीनों थाना प्रभारी से जो भी मामले लंबित है उसके बारे में जानकारी प्राप्त किया। रजिस्टर का अवलोकन किया और निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी थाना अध्यक्षों को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तैयारी से काम करने और चुनाव में किसी प्रकार की लोगों को समस्या ना हो जिसके लिए विशेष रूप से जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उप निरीक्षकों को यह सख्त निर्देश दिया कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं होती है उसकी मौके पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सत्यता एवं गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करायें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना हो। छोटी-छोटी घटनाएं जो बड़ा रूप ले लेती है जिसके लिये पहले से ही तैयार रहे। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह, कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष चिरैयाकोट संजय कुमार त्रिपाठी, थानाध्यक्ष रानीपुर कंचन मौर्य समेत समस्त पुलिस एवं महिला कांस्टेबल भी साथ रही।

## धूम्रपान एवं फास्ट फूड से हृदयाघात की आशंकाः डा.आनन्द कुमार

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** जीवन शैली में धूम्रपान फास्ट फूड इत्यादि के ज्यादा सेवन करने से हृदय की बीमारी ज्यादा हो रही है। वर्तमान समय में देखा गया की 20 वर्ष के ऊपर के युवाओं में हृदय रोग से पीड़ित होना शुरू हो गया है जिसका मुख्य कारण है जीवन शैली में बदलाव एवं अन्य बाहरी सामान का सेवन करने से हो रहा है।

हृदय की बीमारी के प्रति जागरुक करते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद कुमार ने लोगों को जागरुक करते हुए बुधवार को बताया कि मरीज को कम वसा युक्त भोजन करने की सलाह दी। स्वस्थ जीवन जीने के लिए सदैव जागरूक रहना चाहिए और निश्चिंत होकर आप अपने कार्यों को करें खाद्य पदार्थ पर विशेष ध्यान दें। हरी सब्जी तथा ताजा भोजन का सेवन करें एवं परिवार के प्रति मिलजुल कर रहे हैं जिससे आप स्वस्थ रहेंगे और बीमारियों से बचे रहेंगे। इस मौके पर चिकित्सक डॉक्टर आनंद कुमार ने एक गोष्ठी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से दिया संदेश

**'अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने जाना है', जैसे स्लोगन से किये प्रेरित**


मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु आकर्षक रंगोली तैयार करतीं छात्राएं।

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन डॉ भीम राव आंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। इस दौरान रंगोली के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा के 8 प्रतिष्ठित विद्यालयों सोनीधापा खंडेलवाल बालिका इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज, एलएफसीएस इंटरनेशनल, एलएफसीएस, सेंट जेवियर्स कॉलेज, आलिया इंटर कॉलेज, सनबीम स्कूल ने भाग लिया और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता के तहत छात्र-छात्राओं ने 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो', 'लोकतंत्र की सुनो पुकार, मतदान है आपका अधिकार', 'अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने जाना है', जैसे स्लोगन रंगोली में ढालकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी उमेश तिवारी, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सभरवाल ने संयुक्त रूप से किया। निर्णायक मंडल में राजन सिंह प्रधानाचार्य दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कटिहारी, केवल शर्मा प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमदरा, विनय यादव सहायक अध्यापक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवदह रहे। कार्यक्रम का संचालन ऋचा त्रिपाठी सोनीधापा खंडेलवाल बालिका इंटर कॉलेज ने किया। कार्यक्रम प्रभारी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को मतदान की विशेषता बताते हुए मतदाता जागरुकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में एलएफसीएस इंटरनेशनल प्रथम, सनबीम द्वितीय, एलएफसीएस सिकटिया तृतीय आए। इस अवसर पर सपना राय, आराधना श्रीवास्तव, रेशमा परवीन आदि शिक्षिकाएं तथा सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत अप्रैल माह में 29 लोगों के खिलाफ डीएम ने की कार्रवाई

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्र ने अप्रैल महीने में गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कुल 29 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी प्रकार गोवध अधिनियम के तहत मार्च एवं अप्रैल महीने में कुल 6 तथा शस्त्र अधिनियम के तहत कुल दो लोगों के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की। अप्रैल 2024 में गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें खुर्शीद ग्राम पुरालक्षी राय थाना दक्षिण टोला 6 माह, उदय राज ग्राम चकिया थाना रानीपुर 6 माह, मनीष कुमार यादव ग्राम दसई पोखरा थाना दक्षिणटोला 3 माह, राजकुमार यादव ग्राम विग्रहपुर थाना मधुबन 6 माह, गणेश ग्राम कंधेली थाना घोसी 6 माह, शिवेंद्र सिंह उर्फ तेल्हू ग्राम जगदीशपुर थाना हलधरपुर 6 माह, अंगद ग्राम कंधेली थाना घोसी 6 माह, प्रदीप राजभर ग्राम सहरोज थाना कोपागंज 6 माह, सुल्तान हैदर ग्राम बड़गांव थाना घोसी 6 माह, ब्रह्मानंद ग्राम सोनोरा थाना मोहम्मदाबाद गोहना 4 माह ,सद्दाम ग्राम दरगाह थाना मधुबन 4 माह, सूर्यकांत गौड़ ग्राम देवी स्थान इंदारा थाना कोपागंज 6 माह, रोशन यादव ग्राम खुर्द कर्मी थाना चिरैयाकोट 6 माह, पवन सिंह ग्राम महुआर बसगीतिया थाना कोपागंज 6 माह, जुबेर खान ग्राम खानपुर खुर्द थाना घोसी 6 माह शामिल है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने थाने पर हाजिरी के भी आदेश जिन लोगों के लिए जारी किए उनमें रोहित सिंह ग्राम कुडसर थाना हालधरपुर, नवीन सिंह ग्राम भदेसरा थाना दक्षिण टोला, दुर्ग विजय ग्राम अवस्था इब्राहिम थाना चिरैया को प्रमोद ग्राम अवस्था इब्राहिम थाना चिरैयाकोट, राशीद ग्राम प्यारेपुरा थाना दक्षिण टोला, प्रेमचंद यादव ग्राम बरूहा थाना घोसी, रिंकू यादव ग्राम प्रेम नगर चकिया थाना दक्षिण टोला, आलम ग्राम मुस्कुरा थाना घोसी, अबुलैस ग्राम खेदू पुरा थाना दक्षिण टोला, मनोज ग्राम तालरतोय थाना मधुबन, अविनाश ग्राम चक यूथ थाना मधुबन, छद्दू उर्फ कृष्णानंद ग्राम धर्मपुर बिशनपुर नाकिहवा थाना मधुबन, राहुल मद्धेशिया ग्राम काली मंदिर सहादतपुरा थाना कोतवाली नगर और अरुण कुमार राम ग्राम खालिसपुर थाना सराय लखनसी शामिल है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने मार्च और अप्रैल महीने के दौरान गोवध अधिनियम के तहत वाहन जफ्ती की कार्रवाई की जिसमें उर्मिला यादव ग्राम भीकमपुर बलिया थाना रामपुर,अनिल कुमार ग्राम करहा मोहम्मदाबाद गोहाना थाना सराय लखनसी, जितेंद्र यादव सुरहिया सेठवल रानी की सराय आजमगढ़ थाना रानीपुर, जयप्रकाश सिंह ग्राम खड़सरा जाम रसड़ा बलिया थाना मधुबन, अनिल आदि ग्राम अहिरपुरा कटवारी मोड़ रसड़ा बलिया थाना हालधरपुर, सीमा ग्राम सहरोज झंझवा थाना कोपागंज शामिल है।

इसी प्रकार मार्च अप्रैल महीने में शस्त्र अधिनियम के तहत भी जिलाधिकारी ने दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जिसमें बृजेश कुमार सोनकर ग्राम पीढ़वल थाना घोसी एवं श्रीराम सिंह ग्राम बढुवा गोदाम थाना सरायलखंसी शामिल।

## आबकारी निरीक्षक ने अंग्रेजी शराब की दुकानों का किया निरीक्षण


शराब की बोतलों का लेबल चेक करते इंस्पेक्टर।

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कहीं भी अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए अगर किसी भी अंग्रेजी देसी बियर की दुकान पर अनियमितता पाई गई तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार को जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक स्थानीय बजरंगी चौरसिया एवं पुलिस के लोगों द्वारा कोतवाली क्षेत्र के धरोईया मोड लाघोपुर एवं करहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर आबकारी निरीक्षक जा पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले स्टॉक रजिस्टर सीसीटीवी पे फोन एवं स्वच्छता क्यूआर कोड एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंसी को सख्त निर्देश दिया कि इस गर्मी के मौसम में खास तौर से देसी शराब की दुकानदार ठंडा पानी अवश्य रखें। इसके अलावा सीसीटीवी सही हालत में होनी चाहिए जो मानक दिया गया है। उसे मानक का पालन करें दुकान के बाहर लाइसेंस नंबर एवं आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर भी अंकित होने चाहिए अगर जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमित पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर आबकारी विभाग के दीवान संजय यादव शशि कुमार समेत आबकारी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## आपको जिन्होंने बेरोजगार किया, आप भी उन्हें बेरोजगार कर दीजिएः राजीव राय

- मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में ग्रामीणों से मांगा आशीर्वाद
- वर्ष 2014 में चुनाव हार गया लेकिन मैं आप लोगों को छोड़कर नहीं गया


सुल्तानीपुर में आयोजित चौपाल को संबोधित करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी।

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** घोसी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजीव राय बुधवार को रानीपुर ब्लाक अंतर्गत सुल्तानीपुर गांव में आयोजित जन चौपाल में शामिल हुए। उन्होंने लोगों से पूछा कि इस गांव में किसी की सरकारी नौकरी लगी है? आवाज आई नहीं। उन्होंने कहा कि जिसने आपके भाई और बेटे को बेरोजगार कर दिया, जिन्होंने महंगाई बढ़ा दी, उन्हें भी बेरोजगार कर दीजिए। ऐसे लोग सिर्फ वोट मांगने आते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में मैं चुनाव हार गया था लेकिन आप लोगों को छोड़कर नहीं गया। आप दिल पर हाथ रखकर पूछिएगा कि बाकी के दो उम्मीदवार भी क्या आपकी किसी जरूरत पर काम आए थे? उन्होंने पूछा कि किसी ने अपने एमपी साहब को देखा है, आवाज आई नहीं।

श्री राय ने कहा कि जो लोग सिर्फ चुनावी मौसम में आकर चले जाते उन्हें भी वापस लौटा दीजिएगा। उन्होंने कहा कि आपका सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैं वही राजीव राय हूं और आशीर्वाद मांगने आया हूं जो 2014 के चुनाव में हार गया था। फिर भी आपको छोड़कर नहीं गया। आशीर्वाद मिला तो मैं आजीवन साथ निभाऊंगा। यहां से जाएगी तो सिर्फ मेरी अर्थी। मेरी सरकार बनी तो छह महीने के अंदर युवाओं को 30 लाख नौकरियां दी जाएंगी। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने कहा कि जिले की तमाम सड़कें मेरी सरकार ने बनवाया था, पुल बनवाया था, ढेर सारे अन्य विकास कार्य किए थे। गांव में किसी को लैपटॉप मिला होगा तो मेरी सरकार में मिला होगा। ग्रामीणों से आशीर्वाद मिलने पर गांव की सड़क बनवाने की बात कही।

चौपाल कार्यक्रम को सपा के प्रदेश सचिव जय प्रकाश यादव, पूर्व विधायक बैजनाथ पासवान, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष असफाक अहमद, जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव, अशोक गौतम आदि ने संबोधित किया। घुरहू, छोट्टन, नंदलाल आदि ने सपा प्रवक्ता राजीव का माल्यार्पण कर स्वागत करने के बाद खुर्दगर्मी गांव में लोगों को संबोधित किया। चौपाल में उपस्थित गांव वालों ने अपने बूथ से 80 प्रतिशत से अधिक मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया।

अब्दुलापुर गांव में मोहम्मद अनस, हीरामन यादव, राजेश यादव, सौरभ यादव, असफाक खान, सौरभ यादव, असफाक खान, सोहराब अंसारी आदि ने सम्मानित किया।

लरेवां गांव में उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ हाजिरी लगाने और आशीर्वाद मांगने आया हूं। गांव वालों ने कहा कि याद है कोरोना के समय उन्होंने खाने-पीने का सामान और दवा भेजवाया। सभी ने उनके साथ होने का आश्वासन दिया। गांव में गुड्डू मास्टर, राम अवतार आदि ने उन्हें सम्मानित किया। अमिरहां गांव में रमेश यादव, रामेश्वर यादव, दयाशंकर पासवान, नागेंद्र प्रधान, नईम अंसारी, नन्दन चौहान, सुभाष चौहान, आलोक चौहान आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके अलावा उन्होंने छपरा, बदरुद्दीनपुर, रायपुर, चन्द्रावती, मनाजीत, चिरैयाकोट, चिरैयाकोट तकिया आदि जगहों पर भी उन्होंने लोगों से आशीर्वाद मांगा।

## पौधों को सींचकर छोटे बच्चों ने दिया समाज को एक नया संदेश

**पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत बच्चों ने पौधों को सींचा**


स्कूल परिसर के पौधे की सींचते नन्हे-मुन्हें बच्चे।

**तरूणमित्र न्यूज**

**कासिमाबाद (गाजीपुर)।** प्रचंड धूप और तपती हुई गर्म हवाओं ने पशु पक्षियों समेत समस्त जीवों को बेहाल कर दिया है। पर्यावरण को शुद्ध रखने वाले पेड़ पौधों की पत्तियां भी तेज धूप में मलीन हो जा रही हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए पौधों को बचाना अति आवश्यक है जिसके तहत पी.ए.बी. कान्वेंट इंग्लिश स्कूल जगदीशपुर के नन्हे मुन्हें छोटे बालकों ने पौधों को जल देकर पर्यावरण बचाने की दिशा में समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है।

स्कूल के तरफ से चलाया जा रहा पर्यावरण बचाओ अभियान में छोटे-छोटे बच्चों ने भी सक्रियता दिखाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने सामूहिक रूप से हर एक पौधों को सींच कर अभियान को सफल बनाया। इस दौरान प्रबंधक तारकेश्वर पांडेय ने बताया कि पौधे संरक्षित रहेंगे तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

कड़कती धूप में पेड़ पौधे खड़े रहकर हमें छाया प्रदान करते हैं इसलिए हमें उनकी देखभाल करनी चाहिए और समय-समय पर सिंचाई भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम दो पौधा लगाना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपाल जी पांडेय, वरिष्ठ अध्यापक कृष्ण मोहन पांडेय, वीरेंद्र राम, शैलेश कुमार, अनामिका उपाध्याय, माया पांडेय, सदानंद बिन्द, सुनील कुमार, आयुषी सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मृतक के तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रपट दर्ज

**तरूणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)।** बीते 29 अप्रैल कर रात थाना क्षेत्र के नेवादा गोपालपुर निवासी एक 45 वर्षीय व्यक्ति कि दुबारी बाजार से घर जाते समय पेट्रोल पम्प के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस मामले में मधुबन पुलिस ने मृतक के पुत्र कि तहरीर पर अज्ञात वाहन एव चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। मालूम हो कि नेवादा गोपालपुर निवासी सुबहान पुत्र दिलबहार कीते 29 अप्रैल को दुबारी बाजार से पैदल अपने घर जारहा था कि ज्यो ही रामनरेश पीजी कालेज के आगे पेट्रोल पम्प के समीप पहुचा था कि अज्ञात वाहन के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल होगया था जिस कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई थी।

इस मामले में मधुबन पुलिस ने मृतक के पुत्र सलामत कि तहरीर पर अज्ञात वाहन एव चालक के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

## प्राचीन शिव मंदिर में सात दिवसीय महामृत्युंजय जाप

**तरूणमित्र न्यूज**

**मोहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आधा दर्जन पुरोहित द्वारा क्षेत्र के कल्याण हेतु सुख समृद्धि की मनोकामना को लेकर बुधवार से शिव मंदिर के प्रांगण में सात दिवसीय महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया गया। इस महामृत्युंजय जाप में आजमगढ़ तथा मऊ जनपद से आए पुरोहित वेद प्रकाश तिवारी मयंक पाठक आचार्य अमरीश पांडे पंडित दिनेश पांडे शास्त्री एवं पंडित श्री वासरे उपाध्याय द्वारा सुबह 7 से दोपहर 1 महामृत्युंजय जाप किया गया। महामृत्युंजय जाप से वातावरण शुद्ध एवं स्वस्थ हो प्रत्येक व्यक्ति खुशहाल हो तथा सुख समृद्धि की कामना हो।

इस मौके पर वेद प्रकाश तिवारी ने कहा कि नगर की प्राचीन शिव मंदिर की महत्ता है और जो भी व्यक्ति सच्चे मन से भगवान शिव की उपासना करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और व्यक्ति खुशहाल होता है बाद में पुरोहित द्वारा उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरण किए गए इस मौके पर प्राचीन शिव मंदिर के अध्यक्ष मंटू गुप्ता हरिश्चंद्र जायसवाल प्रेमचंद सोनकर दुर्गा शरण शंकर प्रसाद समेत शिव मंदिर के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में पति-पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**तरूणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)।** मधुबन थाना क्षेत्र के दुबारी में विते सोमवार कि रात्रि पुरानी रंजिश में पति पत्नी को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में मधुबन पुलिस ने पीड़ित पक्ष कि तहरीर पर कुल तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित सत्यप्रकाश सिंह पुत्र स्व बच्चा सिंह का आरोप है कि 29 अप्रैल कि रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे अपनी पत्नी के साथ घर मे बैठा था कि उसी दौरान सत्यप्रकाश सिंह व रामनारायण सिंह पुत्रगण बच्चा सिंह व निशा सिंह पत्नी रामनारायण सिंह पुरानी रंजिश को लेकर घर मे घुस आए और माँ बहन कि गालिया देने लगे जब हम लोगो ने विरोध किया तो उक्त तीनों ने लाठी डंडा लेकर हम लोगो पर हमलावर होगये जिसमें हम पति पत्नी दोनो को गंभीर चोटें आई इस मामले में मधुबन पुलिस ने पीड़ित पक्ष कि तहरीर पर उपरोक्त लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्ग किसान ने बिजली के पोल से फंदा लगाकर की खुदकुशी

**तरूणमित्र न्यूज**

**गोंठा/दोहरीघाट (मऊ)।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के गोंठा ग्राम पंचायत के लोहार पुरवा निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग किसान ने मंगलवार की रात में इंदारा-दोहरीघाट रेल मार्ग के किनारे लगे विद्युत पोल से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार को सुबह उनका शव रेलवे लाइन के किनारे बिजली के खंभे के सहारे लटकता हुआ दिखा। परिवार वालों ने मृतक का अंतिम संस्कार दोहरीघाट स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट पर कर दिया। गोंठा के लोहरपुरा निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग किसान विजय सिंह मंगलवार की रात लगभग नौ बजे भोजन करके घर से बाहर निकल गए।

बुधवार की सुबह गांव के लोग जब रेलवे लाइन की तरफ गए तो वहां ट्रैक के किनारे गड़े विद्युत पोल के सहारे फंदे पर लटकती हुई एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश लोगों ने देखी। मृतक की पहचान गांव के ही विजय सिंह के रूप में हुई। बिजली के खंभे से लाश लटकने की सूचना जंगल की आग की तरह आसपास के क्षेत्र में फैल गई। लोगों ने विजय सिंह के अध्यापक पुत्र सतीश सिंह को भी घटना की जानकारी दी। गांव के लोगों का कहना है कि मृतक के इकलौते पुत्र सतीश सिंह गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज में परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और शव को खंभे से नीचे उतरवाकर अन्य लोगों के साथ मृतक का अंतिम संस्कार दोहरीघाट में सरयू नदी के किनारे श्मशान घाट पर कर दिया। इस संबंध में दोहरीघाट थानाध्यक्ष का कहना है कि बुजुर्ग किसान की आत्महत्या के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही परिवार वालों ने कोई लिखित सूचना ही दी है। इस संबंध में जानकारी करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव के लोगों का कहना था कि पिता पुत्र में किसी बात को लेकर अनबन रहा करती थी।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

**तरूणमित्र न्यूज**

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने युवक, उसकी मां, पिता और बहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के अनुसार में सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सिकटिया स्थित कांशीराम आवास निवासी रोशन ने शादी का झांसा देकर काफी दिनों से युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो रोशन ने गाली देते हुए शादी से इन्कार कर दिया। युवती ने रोशन के खिलाफ तहरीर देकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

बीते 20 अप्रैल को रोशन अपने पिता गोरख, मां धर्मावती और बहन सोनी के साथ युवती के घर पर आया और दर्ज मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगा। जब युवती की मां ने शादी की बात कही तो वह गुस्से में आकर जान से मारने की धमकी देने लगा। तब पीड़िता की मां ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर रोशन, पिता गोरख, कर्मावती और सोनी सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, चालक की मौत

**तरूणमित्र न्यूज**

**घोसी (मऊ)।** कोतवाली क्षेत्र के जामडीह गांव के खानपुर मोड़ के समीप बुधवार को दोपहर लगभग तीन बजे अनियंत्रित मोटर साइकिल बिजली के पोल से टकराने के बाद पेड़ से जा भिड़ी। इस टक्कर में बाइक सवार की घटना पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। मधुबन थाने क्षेत्र के मखमेलपुर बीबीपुर गांव निवासी 40 वर्षीय विजय कुमार पुत्र स्व.रामबचन किसी कार्य से अपने घर से मोटर साइकिल से बुधवार की दोपहर तीन बजे घोसी आ रहा था। अभी वह घोसी कोतवाली क्षेत्र के जामडीह गांव खानपुर बुजुर्ग मोड़ के पास ही पहुंचा ही था कि खानापुर की तरफ से आ रही पिकअप को देख कर उससे बचने के प्रयास में मोटरसाइकिल सवार विजय कुमार की मोटरसाइकिल सड़क किनारे बिजली पोल से टकराने के बाद पेड़ से लड़ गयी। जिससे विजय कुमार का सिर फट गया। गम्भीर रूप से चोट लगने से विजय कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि घटना के बाद पिकअप सहित चालक मौके से भाग गया।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक अपने पीछे मां तेतरी देवी, पत्नी बीनू देवी, पुत्र आर्यन कुमार, मात्र 14 दिवसीय नवजात अंश कुमार एवं पुत्रियां अनन्या एवं अंशिका को छोड़ गया है। मृतक ब्रेड, पकौड़ा की दुकान कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह परिवार का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में नगदी, जेवर सहित गृहस्थी हुई राख

**तरूणमित्र न्यूज**

**मधुबन (मऊ)।** तहसील क्षेत्र के गुरुम्हा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में घर का सारा सामान, जेवर, नगदी जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब बारह बजे गुरुम्हा गांव निवासी श्रीराम पुत्र सहती मनरेगा में काम करने गये थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई जिसके चलते घर में रखा गेहूं, चावल, साइकिल, गैस चूल्हा, तीन बक्सा, बेड, सिंगारदान, स्प्लेंडर प्लस बाइक, दो हजार रुपये नगद, कपड़ों सहित सारा समान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

जब तक आग बुझती तब तक सब कुछ जल कर नष्ट हो गया। आगलगी की सूचना पाकर राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन किया। इस आगलगी में लगभग तीन लाख की के सामान जलकर नष्ट हो गए हैं। ग्राम प्रधान अनिल राजभर ने मौके पर पहुंचकर राजस्व विभाग के प्रयास से कोटेदार को अनाज दिलाने का आदेश दिया।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** घोसी मार्ग के सरकंडा गांव के निकट मिर्जाजमालपुर गांव निवासी महेंद्र अपनी 25 वर्षीय कंचन पुत्री को मंगलवार रात में लेकर मुहम्मदाबाद से वापस अपने घर जा रहे थे कि अज्ञात वाहन चालक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह पुत्री सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना किसी व्यक्ति द्वारा डायल 108 नंबर एंबुलेंस को दिये जाने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायला कंचन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए जहां गंभीर चोट आने के चलते चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर किया टीकाकरण

**तरूणमित्र न्यूज**

**मोहम्मदाबाद गोहना (मऊ)।** स्थानीय ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर शून्य से 5 वर्ष तक के नन्हें-मुन्हें बच्चों को विभिन्न जानलेवा बीमारी के प्रति स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर टीकाकरण किया। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष शिविर लगाकर 0 से 5 वर्ष तक के नन्हे मुन्ने बच्चों को टीकाकरण कर उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने यह बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए आप लोग बच्चों को ओआरएस का लिक्विड अवश्य दें जिससे शरीर में पानी की मात्रा कम नहीं होगी और गैस्ट्रो डायरिया भी नहीं होगा। लगातार कई दिनों से मौसम में बदलाव हो रहा है। जबकि हीट स्ट्रोक भी है इसके लिए आप सभी को स्वच्छता के प्रति ध्यान देते हुए शरीर में पानी की मात्रा कम ना हो बराबर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इस मौके पर अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर आनंद कुमार डॉ संतोष कुमार यादव फार्मासिस्ट कपिल देव सरोज यादव प्रियबुद्ध राजेंद्र कुमार चंद्रजीत यादव सर्वेश सिंह सूबेदार सरोज आदि अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
ADVANCE WOMEN CARE
डा. शैली निगम
M.B.B.S., M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
डा. आदित्य निगम
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रॉमा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज आफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
भूतपूर्व सर्जनः •डा. एल.एच. हीरानंदानी हॉस्पिटल, मुंबई •ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (NDVH)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रॉमा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर - 222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी) पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएंः-
अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
काल्पोस्कोपी
हिस्ट्रोस्कोपी
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक
डा. शेफाली आनन्द (M.B.B.S., M.D. BHU)
(बाल रोग विशेषज्ञ)
हर मंगलवार और वृहस्पतिवार 4 से 6 बजे तक
हेल्पलाइन नं.: 9335382171, 8009811875

# जवानों पर फायरिंग करने वाले नौ फर्जी ट्रांसजेंडर्स को पुलिस ने दबोचा

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना पुलिस द्वारा ड्यूटी के दौरान पीआरडी जवान से मारपीट तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने व उन पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाली घटना का अनावरण करते हुए नौ फर्जी ट्रांसजेन्डर / अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गत 29/30 अप्रैल की रात्रि थाना क्षेत्र के उतराँव बाजार में, दो पीआरडी के जवान गश्त/पिकेट ड्यूटी पर थे।

उसी दौरान संदिग्ध आ रही एक मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर टोका गया तो मोटर साईकिल चालक व पीछे बैठे ट्रांसजेन्डर पीआरडी जवानों से बहस करने लगे व वापस चले गये। थोड़ी देर बाद वह मोटर साईकिल सवार अपने अन्य ट्रांसजेन्डर साथियों के साथ इकट्ठा होकर आये और पीआरडी जवानों के कार्य में बाधा डालते हुये गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देते हुए, लाठी डण्डा से पीटने लगे इसके बाद जान से मारने की नीयत से पीआरडी जवानों पर तमंचा से फायरिंग कर वहाँ से भाग गये। पीआरडी जवानों के तहरीर के आधार पर थाना पर विभिन्न धाराओं में चार नामजद व आधा दर्जन अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। वांछित अभियुक्तगण सुनील सिंह पुत्र स्व. रामचन्दर सिंह निवासी ग्राम गड़ार तथा किशन यादव पुत्र कुबेर यादव ग्राम उतरांव थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर को, मंगलवार को समय 15.15 बजे गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात अन्य वांछित



अभियुक्त प्रमोद पुत्र मुन्ना यादव निवासी लट्ठूडीह को एक मई को घटना में प्रयुक्त एक देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य अभियुक्त राहुल चौहान उर्फ नैना पुत्र स्व. गोपाल सिंह निवासी ग्राम हनुमान गली ओबरा पावर प्लान्ट के पास थाना ओबार जनपद सोनभद्र हालपता ग्राम महराजपुर थाना रसड़ा जनपद बलिया, जितेन्द्र ठाकुर उर्फ पायल पुत्र रामकुबेर ठाकुर निवासी ग्राम लट्ठूडीह, लक्की उर्फ रानी पुत्र औरंगजेब निवासी कोटवारी थाना रसड़ा जिला बलिया, राजू कुमार उर्फ पूजा पुत्र देवमुनि राम निवासी गनीचक थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर, शरीफ उर्फ पलक पुत्र तसलीम निवासी खारीबाद म0नं0 103 वापी जिला वापी प्रान्त गुजरात, पिन्टू गुप्ता उर्फ संध्या पुत्र गोपाल गुप्ता निवासी अलावलपुर थाना बरेसर जनपद गाजीपुर का नाम प्रकाश में लाकर गिरफ्तार किया गया। ज्ञातव्य है कि प्रकाश में आये अभियुक्तगण पुरुष हैं जो फर्जी ट्रांसजेण्डर/महिला का वेश बनाकर काफी दिनों से क्षेत्र में लोगों के यहाँ जाकर नाच गाकर जबरदस्ती पैसा वसूलते हैं, पैसा न देने पर लोगों से अभद्रता व मारपीट करते रहते हैं। जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस काफी दिनों से इनकी तलाश में लगी हुयी थी इनमें से कई लोगों पर विभिन्न धाराओं में पहले से भी मुकदमे दर्ज मिले हैं। मुकदमा में वांछित सभी अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

## महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

**गाजीपुर।** जनपद के महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र- 2024-25 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। शहर के स्वामी सहजानन्द पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. वी के राय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के प्राविधानों के अनुरूप महाविद्यालय में स्नातक कला एवं वाणिज्य तथा स्नातकोत्तर - हिंदी, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, सैन्यविज्ञान व एमकॉम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए इच्छुक प्रवेशार्थी महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर लॉग-इन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेशार्थी बिलंबतम 25 मई तक सम्बंधित कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रवेशार्थियों अपने ऑनलाइन आवेदन की एक हार्ड कॉपी अपने पास अवश्य रखें जिसके साथ प्रवेश हेतु आवश्यक सूचनाएं दी गयी हैं। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो. अवधेश नारायण राय को प्रवेश समिति का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं समिति में प्रो. रामधारी राम, डॉ. विलोक सिंह, डॉ. कृष्णानंद चतुर्वेदी, डॉ. निवेदिता सिंह, सुश्री सौम्या वर्मा, डॉ. देव प्रकाश राय, डॉ. सतीश कुमार राय तथा डॉ. वी के ओझा सम्मिलित हैं।

## कार पुलिया से टकराई, ड्राइवर की मौत

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के भैरव बांध रतसर-टड़वामोड़ के पास बुधवार की दोपहर करीब एक बजे बाइक सवार को बचाने में कार पुलिया से टकरा गई। जिसमें कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की शिनाख्त प्रदीप कुमार मिश्रा 36 वर्ष पुत्र भोला नाथ मिश्र निवासी मसहा थाना गड़वार जनपद बलिया के रूप में की गई।

## शांति भंग करने वाले दस गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज



**सिकंदरपुर (बलिया)।** पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्गत आदेशानुपालन में बुधबार को थाना खेजुरी पुलिस द्वारा मुकदमे बाजी विवाद को लेकर भिन्न-भिन्न मामलों में झगड़ा फशाद कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध अन्तर्गत धारा 151/107/116 में निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

## किड्स स्कूल ने मनाया मजदूर दिवस

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** किडजी स्कूल में बच्चों द्वारा विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया बच्चों ने लोगों को संदेश दिया कि अपने ही बीच के मानव रूपी गरीब मजदूर को किसी रूप में हम प्रताड़ित नहीं करेंगे तथा मजबूरी में मजदूरी कर रहे नन्हे मुन्ने मजदूरों को मजदूरी से रोक कर उनका देश के विकास के कड़ी से जोड़ने तक का यथासंभव प्रयास करेंगे किडजी स्कूल की शिक्षिका अंशु सिंह और प्रीति सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम लेबर मूवमेंट 1 मई 1886 को यूनाइटेड स्टेट में शुरू हुआ तथा उन्होंने विश्व समुदाय से मांग किया कि हम 8 घंटा काम करेंगे उसके बाद भारत में मजदूर किसान पार्टी हिंदुस्तान के नेता कांग्रेस सिंगारा वेलार द्वारा 1 मई को 1923 में लेबर डे चेन्नई में मनाया गया और पहली बार लाल झंडे का प्रयोग भारत में किया गया तब से भारत में 1 मई को लेबर डे और रेड डे मनाया जाता है उसी क्रम में किडजी स्कूल 17 वर्षों से लगातार विश्व स्तर पर मजदूरों के हितों को बढ़ावा देने और बाल मजदूरी के विरोध में समाज एवं देश को जागृत करने का प्रयास करता है कार्यक्रम में बच्चों और शिक्षिकाओं ने लाल रंग का कपड़ा पहने और पूरे विद्यालय में लाल रंग के सामानों का इस्तेमाल किया बच्चों ने खाने में लाल से लाल तरबूज दरवाजा शरबत का प्रयोग कर पूरा माहौल लाल लाल कर दिया इस दिन का भरपूर समर्थन दरबार मजदूरी के प्रति अपना आक्रोश विभक्त किया उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं प्रीति सिंह ,अंशु सिंह, सुरभि कुमारी ,सरोजिनी गुप्ता ,उजाला सिंह, मोनिका शुक्ला ,नेहा श्रीवास्तव ,सरिता भरद्वाज और विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे ।




## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

तरुणमित्र न्यूज

**सिकंदरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के डुहा बिहरा गांव में बुधवार को करेंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल से मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से गांव सहित परिवार वालों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार डुहा बिहरा गांव निवासी विश्वेन्द्र प्रताप सिंह किसी कार्यवश कहीं जा रहा थे उसी दौरान वहअचानक हाई टेंशन तार की चपेट में आकर अचेत होकर जमीन पर गिर गए।

## स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**भांवरकोल (गाजीपुर)।** लोकसभा चुनाव को लेकर न्याय पंचायत मनिया प्राइमरी विद्यालय कनुवान (प्रथम) के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली रैली में बच्चों के द्वारा नारे एवं तख्तियों पर लिखे संदेश जैसे 1234 मतदान है अधिकार ,सारे काम बाद में पहले मतदान ,नारों के द्वारा आम जनों को मतदान करने के लिए जागरूक भी किया गया। रैली स्कूल से होकर गांव के मुख्य गली होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करती हुई शिव जी के मंदिर तक गई ।जहां से वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान बच्चों ने शपथ ली कि वे मतदान के लिए गांव के लोगों को एवं घर वालों को जागरूक करेंगे। रैली में स्कूल के सभी शिक्षकगण एवं स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल थे।



# स्टेशन मास्टर की अभद्रता पर कार्यवाही की मांग

**जखनियां (गाज़ीपुर)।** वाराणसी भटनी रेल खण्ड पर जखनिया रेलवे स्टेशन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर जितेंद्र चौधरी द्वारा आए दिन यात्रियों से अभद्र व्यवहार से यात्रियों में रोष व्याप्त है। इसके कारण सलाहकार समिति में नामित सदस्यों से रेलवे स्टेशन जखनिया पर वाद विवाद को लेकर उनके खिलाफ स्टेशन पर शिकायत पुस्तिका में शिकायत भी दर्ज किया गया। इतना ही नहीं बल्कि इसकी शिकायत एक्स के माध्यम से डीआरएम वाराणसी सहित रेल मंत्रालय को भी की गयी है। बताते चलें कि आए दिन जब यात्री स्टेशन मास्टर से ट्रेन व स्टेशन पर सुविधाओं के बारे में जानकारी चाहते हैं तो जितेंद्र चौधरी द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जाती और उल्टा यात्रियों को स्टेशन मास्टर कार्यालय से बदतमीजी के साथ बाहर जाने को कहा जाता है।

इसकी सूचना प्राप्त होने पर स्टेशन सलाहकार समिति के नामित सदस्य उमाशंकर यादव और पीयूष सिंह ने इसकी जानकारी मांगी, और स्टेशन व्यवस्था के बारे में पूछा तो स्टेशन मास्टर उन लोगों पर भी भड़क गए और कहा कि आपको जो पूछना हो और जो करना है सीधे डीआरएम वाराणसी से पूछिए। आरोप है कि स्टेशन मास्टर द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए उनको भी स्टेशन से बाहर जाने को कहा। इस बात को लेकर ऑल इंडिया रेल



यूजर्स फेडरेशन मंडल वाराणसी के अध्यक्ष और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रमोद वर्मा ने उनसे पूछा तो स्टेशन मास्टर ने कहा कि मैं किसी का जवाब देने के लिए यहां तैनात नहीं हूं, मेरी जो मर्जी है वही काम करूंगा। मेरी शिकायत जिससे करनी हो आप कर दीजिए। इस बात को लेकर प्रमोद वर्मा ने कहा कि भारतीय रेल एक सम्मानित संस्था है करोड़ों लोग इससे यात्रा करते हैं। सरकार यात्रियों के सुविधाओं के प्रति सचेष्ट है। आप स्टेशन मास्टर हैं आपका कर्तव्य है कि आपसे जो भी जानकारी यात्री मांगे उसका जवाब दें। यात्रियों की सहायता करें, स्टेशन परिसर सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। लेकिन आप नामित सदस्यों सहित सम्मानित रेल यात्रियों के साथ जो अनुचित व्यवहार कर रहे हैं यह अभद्र व्यवहार कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसकी लिखित सूचना डीआरएम सहित संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी ।बुधवार को जखनियां रेलवे स्टेशन पर एएसएम को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांग की की इस विषय को संज्ञान में लेते हुए स्टेशन मास्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर स्टेशन के नामित सदस्य उमाशंकर यादव, पीयूष सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक गुप्ता, व्यापारी प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया, सुनील सिंह, यात्री वरुण पांडेय संजीव त्रिपाठी, गुड्डू राजभर, रवि भारद्वाज, लाल जी गोड़, दीपक सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मतदान कर्मियो- पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के शुरू हो रहे प्रशिक्षण कार्यशाला के पहले दिन टीडी कालेज का जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने टीडी कालेज के सभी प्रशिक्षण कक्षों में जाकर संचालित प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुए उनकी उपस्थिति पंजिका को भी चेक किया। साथ ही निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों के प्रारूप-12 और 12 के प्राप्त करने हेतु विधानसभावार बनाए कक्षों का



भी निरीक्षण कर प्राप्त फॉर्म की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्य दो पालियों के दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 तक संचालित किया जाएगा। बताया कि पहले सत्र में ईवीएम का प्रशिक्षण एवं द्वितीय सत्र में चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे सभी मतदान कार्मिकों से दोनों पालियों की ट्रेनिंग को आवश्यक रूप से लेने का निर्देश दिया है।बताया कि जनपद में प्रथम बार प्रत्येक पाली के दो सत्रों में प्रयोगात्मक और प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रथम पाली के निरीक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि मतदान जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता/अनुपस्थिति बर्दाश्त नही की जाएगी तथा मतदान कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व-1951 की धारा-134 के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में प्रभारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि दोनों पालियों में प्रशिक्षण की समाप्ति तक प्रथम पाली में 27 मतदान कार्मिक और द्वितीय पाली में 13 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में अनुपस्थित सभी मतदान कार्मिकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व-1951 की धारा-134 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करा दी गई है और शाम तक संबंधित थानों के माध्यम से अनुपस्थित कार्मिकों की रिपोर्ट तामिला करा दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी, मास्टर व जनरल ट्रेनर, मतदान कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

## डीईओ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ प्रथम रैंडमाइजेशन

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में एनआईसी सभागार में ईवीएम का प्रथम रैण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फर्स्ट नार्मल रैण्डमाईजेशन के अन्तर्गत ईवीएम विधानसभावार एलॉट हो गये है। जनपद के सभी विधानसभाओं के सापेक्ष बीयू,सीयू 24त्न और वीवीपीएटी 35 प्रतिशत अतिरिक्त एलॉट किये गये है। रैण्डमाईजेशन के बाद विधानसभा आवंटित ईवीएम की ऑनलाईन सूची की प्रिन्ट आउट कापी पर जिला निर्वाचन अधिकारी व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की प्रमाणित हस्ताक्षर हुई। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामुद्दीन अंसारी ने बहुत ही सरल व सहज शब्दों में ईवीएम के प्रथम नार्मल रैण्डमाईजेशन की प्रक्रिया को उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समझाया। विदित हो कि द्वितीय रैण्डमाईजेशन के बाद ईवीएम पर कंडीडेट का नाम व निशान आदि की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, एडीएम डीपी सिंह,सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## धर्मेंद्र यादव व दरोगा प्रसाद सरोज ने गहमा-गहमी के बीच भरा पर्चा

**आजमगढ़।** जनपद के सदर लोकसभा तथा लालगंज लोकसभा सीट से प्रत्याशियों ने अपना-अपना पर्चा भरा आज दोपहर को दो सीट बीजेपी भाजपा तथा दो सेट सपा के दावेदारों ने अपना अपना पर्चा भरा और अपना अपना दमखम दिखाया प्रेस वार्ता के दौरान सदर लोकसभा सीट से प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मैं



आजमगढ़ के पूरे जनमानस को यह भरोसा दिलाता हूं कि आपने जिस उम्मीद से मुझे आजमगढ़ में बुलाया है और मेरे साथ दिन-रात एक करके मेहनत कर रहे हैं तो मैं आपकी तरक्की, विकास, खुशहाली और मान सम्मान तथा स्वाभिमान को ठेस नहीं लगने दूंगा मैं आपके साथ कंधे से कंधे मिला कर चलूंगा आपके सुख-दुख में साथ रहूंगा भाजपा सरकार को झूठी सरकार बताते हुए कहा कि यह किसने और बेरोजगार नौजवानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती की सरकार है यह न कभी किसानों पर ध्यान दी ना कभी बेरोजगारी पर ,देश के नौजवान पढ़ लिखकर नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इस मामले में लालगंज सीट से पर्चा भरने आए हुए दरोगा सरोज ने कहा मैं नेता जी को नमन कर रहा हूं जिन्होंने हम लोगों को इस काबिल समझा और टिकट दिया। और देश की जनता सब समझ रही है झूठे वादे और झूठी सरकार को उखाड़ फेंकेगी इस मौके पर दुर्गा प्रसाद यादव पूर्व मंत्री बलराम यादव, गोपालपुर विधायक नफीस अहमद, गुड्डू जमाली, रमेश यादव,मेढ़ई यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## आजमगढ़ निरहुआ व लालगंज से नीलम सोनकर ने किया नामांकन

**आजमगढ़।** कलेक्ट्रेट में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आजमगढ़ लालगंज लोकसभा सीट के लिए चल रहे नामांकन के क्रम में आज बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोजपुरी फिल्म स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने आजमगढ़ से और लालगंज सुरक्षित सीट से बीजेपी की नीलम सोनकर ने नामांकन किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशियों के साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान, बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू, गोरखपुर प्रांत अध्यक्ष सहजानंद राय भी मौजूद रहे। नामांकन से पहले आजमगढ़ शहर में रोड शो भी किया गया। नामांकन के बाद कलेक्ट्रेट के बाहर आए भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है। पूरा प्रदेश मोदी मय, है। प्रधानमंत्री ने 400 सीट का जो संकल्प लिया है उसको महान जनता पूरा कर रही है। 2019 के आम लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ और लालगंज की सीट बीजेपी हारी थी लेकिन इस पर मंथन किया गया और क्या कारण थे उस पर कार्य करके फिर उपचुनाव में आजमगढ़ और रामपुर की महान जनता ने बीजेपी को जिताया था। एक बार फिर 2024 के चुनाव में भी आजमगढ़ व लालगंज के साथ ही पूरे प्रदेश में जीत का दावा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया। वहीं दूसरी तरफ भाजपा के आजमगढ़ प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव पर निशाना साधा। उन्होंने



कहा कि 2019 के चुनाव में अखिलेश यादव जीत कर आजमगढ़ छोड़ दिए। 2022 के उपचुनाव में धर्मेंद्र यादव हार कर आजमगढ़ छोड़ दिए। लेकिन दिनेश लाल यादव निरहुआ 2019 में हार कर भी नहीं आजमगढ़ छोड़ और 2022 में जीत कर भी टिका रहा। यह आगे भी जारी रहेगा। जो नया घर धर्मेंद्र यादव ने यहां पर लिया है उसमें चुनाव के बाद ही ताला पड़ जाएगा। दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि वैसे भी धर्मेंद्र यादव चुनाव में कहीं नहीं है उनकी टक्कर बसपा से है।

## इनामियां बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

**सहतवार (बलिया)।** पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सहतवार थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने धारा 363, 366 (ए), 376डी (ए), 323, 504, 506 भादवि व 5जी/6 पाक्सो एक्ट में वांछित छोटू साहनी पुत्र स्व. रामदयाल साहनी को गिरफ्तार किया है। तमंचा व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार छोटू साहनी पर 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। उप निरीक्षक कमलाशंकर गिरी हमराह कां. सुरेश कुमार व कां. अखिलेश गुप्ता ने ईनामिया छोटू साहनी पुत्र स्व. रामदयाल साहनी (निवासी = सवलपुर, थाना सोनपुर, सारण छपरा, बिहार, हाल मुकाम भैरोपुर, थाना दरियापुर, सारण छपरा बिहार) को पचरुखा मन्दिर गायघाट रेवती बलिया से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पाबंद कर गिरफ्तार अभियुक्त को चालान न्यायालय भेज दिया।

जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
I TREAT, HE CURES
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र NABH & ISO द्वारा प्रमाणित
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
लीवर, किडनी, पेट, आँत, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग का सफल, सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)

मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

प्रवेश प्रारम्भ
माध्यम : हिन्दी/अंग्रेजी
स्थापित वर्ष-1971
प्रवेश प्रारम्भ
भारती विद्या मन्दिर
स्वयमेव मृगेन्द्रता

कक्षा-L.K.G. से जूनियर हाई स्कूल
उत्तरी वाजिदपुर, अहियापुर, जौनपुर (उ.प्र.)
विद्यालय की विशेषताएं
- स्मार्ट क्लास की सुविधा
- स्वच्छ वातावरण
- शुद्ध आर.ओ. पानी
- इनवर्टर की सुविधा
- हवादार कमरें
- प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य
- कम्प्यूटर की सुविधा


कमलेश कुमार पाल (प्रधानाध्यापक) M.A., B.Ed.
नरेन्द्र कुमार गुप्त (सह. प्रबन्धक) M.A., B.Ed.
आदर्श कुमार सम्पादक/प्रबन्धक

